


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 249 | कोरबा, रविवार, दिनांक 09 जून 2024 डाक 10 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




**विविधा**
समाजवादी पार्टी के प्रमुख और कन्नौज से नवनिर्वाचित सांसद अखिलेश यादव और आप नेता संजय सिंह लखनऊ में एक बैठक के दौरान



**देश-विदेश**
भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनीं अनामिका 21 अधिकारी गोल्डन विंग्स से सम्मानित



**कोरिया जिला**
रामानुजंगज से गढ़वा एनएच बनाने के लिए भारत सरकार की अनुमति प्रतीक्षित



# नरेंद्र मोदी के नाम दर्ज हैं ये अनोखे रिकॉर्ड, तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेते ही रचेंगे इतिहास



**नईदिल्ली, 09 जून [एजेंसी]।**

आज देश में नई सरकार का गठन होने जा रहा है। वाराणसी से सांसद चुने गए नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोदी की लगातार तीसरी बार ताजपोशी भी अपने आप में एक कीर्तिमान होगा। 1962 के बाद यह पहली बार होगा जब कोई नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेगा। 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके साथ ही वह भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पैदा होने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। मोदी सरकार 3.0 का शपथ ग्रहण आज शाम को होना है। पीएम मोदी सुबह से ही एक्शन में हैं। मोदी सुबह राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि 'सदैव अटल' पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।

सूत्रों के हवाले से बताया है कि कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी ने मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए कल देर रात फोन किया। फिलहाल खरगे के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए देशभर के सांसदों के साथ ही विदेशी मेहमानों का पहुंचना जारी है। वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के बीच बैठकों का दौर भी जारी है। पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर है।

## मुइज्जू, शेख हसीना समेत चार देशों के अतिथि पहुंचे भारत



अब तक चार देशों के प्रतिनिधि शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत पहुंच चुके हैं। इनमें सबसे पहले बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार 8 जून को सबसे पहले आईं। उनके बाद सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ, मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू और मॉरिशस के पीएम प्रविंद कुमार अबतक आ चुके हैं।

## मशहूर सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने दी निराले अंदाज में मोदी 3.0 की बधाई, रेत पर उकेरी सुंदर कलाकृति




**पुरी।** जाने-माने रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत नरेंद्र मोदी को बधाई देने के लिए ओडिशा के पुरी में समुद्र तट पर रेत की मूर्ति बनाई। यह तस्वीर उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले बनाई गई है, जो आज शाम 7.15 बजे होने वाला है। पुरी बीच पर बनाई गई रेत की कलाकृति में नरेंद्र मोदी की विस्तृत छवि के साथ अभिनंदन मोदी जी 3.0 संदेश भी है। इस बधाई संदेश के साथ, पटनायक ने कलाकृति के नीचे विकसित भारत भी लिखा है। पटनायक ने एक्स पर पोस्ट कर भी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने के लिए बधाई दी है।

## नितिन गडकरी के साथ चिराग पासवान भी लेंगे शपथ, सांसदों को आने लगे फोन



**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी के शपथ लेने से पहले मोदी कैबिनेट के संभावित मंत्रियों के पास फोन पहुंचने लगे हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से कुछ भी सामने नहीं आया है। सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि नितिन गडकरी, जीतन राम मांझी, जयंत चौधरी, चिराग पासवान और अनुप्रिया पटेल को फ़ोन से बताया गया कि उन्हें कैबिनेट की शपथ लेनी हैं। चिराग पासवान की पार्टी LJPR ने बिहार में पांच सीटों पर चुनाव लड़ा था और पांचों पर जीत हासिल की थी। चिराग खुद हाजीपुर से चुनाव जीते थे। वहीं नितिन गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। गडकरी लगातार दो बार से मोदी सरकार में मंत्री रहे हैं। वहीं अनुप्रिया पटेल की अपना दल (सोनेलाल) ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें से अनुप्रिया पटेल अपनी ही सीट जीत सकी थी। वहीं जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के खाते में एनडीए से एक ही सीट गई थी और इस सीट (गया) से वह खुद चुनाव लड़े और जीतक संसद पहुंचे हैं। वहीं जयंत चौधरी की पार्टी को सीटें मिली थीं और दोनों ही सीटों पर उनकी पार्टी विजयी रही. जयंत चौधरी खुद राज्यसभा सांसद हैं।

## मोदी ने नेशनल वॉर मेमोरियल में वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि



नरेंद्र मोदी नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंच गए हैं। यहां वह भारत के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। आज ही शाम के समय मोदी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह है।

## दिल्ली की किलेबंदी

राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में देश-विदेश से अनेक मेहमान पहुंचेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने जी-20 की तर्ज पर सुरक्षा व्यवस्था की है। दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर विदेशी मेहमानों के ठहरने वाले होटलों और वहां से राष्ट्रपति भवन तक के रूट पर समारोह में आने वाले अधिकांश विदेशी मेहमान रविवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां से उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच होटल तक पहुंचाया जाएगा। विदेशी अतिथियों के लिए नई दिल्ली स्थित बड़े होटलों को बुक किया गया है। इन होटलों में पुलिस का कड़ा पहरा होगा। प्रत्येक होटल की सुरक्षा का जिम्मा डीसीपी स्तर के अधिकारी को दिया जाएगा। होटल से शाम को विदेशी मेहमान राष्ट्रपति भवन जाएंगे। होटल से लेकर राष्ट्रपति भवन तक न केवल पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे बल्कि उनके रूट पर कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए एआई से लैस कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन कैमरों के समक्ष अगर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी दिखेगी तो वह तुरंत अलर्ट भेजेंगे। होटल के साथ ही राष्ट्रपति भवन के आसपास पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहेंगे। सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर स्पेशल कमिश्नर स्तर के अधिकारी खुद जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। दिल्ली पुलिस के सुरक्षा, यातायात, नई दिल्ली जिला पुलिस, एयरपोर्ट पुलिस आदि मिलकर समारोह की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। वहीं, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी यहां पर तैनात रहेंगी। राष्ट्रपति भवन और उसके आसपास के क्षेत्र में दो हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी गश्त करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा नई दिल्ली की ऊंची इमारतों पर स्नाइपर का इस्तेमाल किया जाएगा। यह स्नाइपर वीवीआईपी रूट के अलावा राष्ट्रपति भवन के आसपास के क्षेत्र पर भी नजर रखेंगे। उन्हें अगर कुछ संदिग्ध दिखा तो वह तुरंत इसकी सूचना रूट पर खड़े पुलिसकर्मियों को देंगे। आवश्यकता पड़ने पर वह गोली चलाने के लिए भी आजाद होंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह आयोजन राष्ट्रपति भवन के अंदर होना है, इसलिए परिसर के अंदर और बाहर तीन स्तरीय सुरक्षा होगी। बाहरी घेरे पर दिल्ली पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। उसके बाद अर्धसैनिक बल के जवान और भीतरी घेरे में राष्ट्रपति भवन की आंतरिक सुरक्षा के जवान तैनात रहेंगे। अधिकारी ने कहा कि अर्धसैनिक बलों और दिल्ली सशस्त्रत्त् पुलिस के जवानों की पांच कंपनी सहित लगभग 2500 पुलिस कर्मियों को कार्यक्रम स्थल के आसपास तैनात रहेंगे। पुलिस कमिश्ननर द्वारा शपथ समारोह के दौरान नई दिल्ली इलाके को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति भवन एवं इसके आसपास ड्रोन, विमान, पैरा ग्लाइडर आदि के उड़ाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

## स्नाइपर टीम कमांडर सहित 46 लाख रुपये के 6 इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर



**जगदलपुर, 09 जून [एजेंसी]।**

सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़ में अबूझमाड़ के मुंगोडी, गोबेल में शुक्रवार देर रात को मुठभेड़ में स्नाइपर टीम के कमांडर समेत छह नक्सलियों को ढेर कर दिया। पहले सात नक्सलियों के मारे जाने की बात सुरक्षा बल की ओर से कही गई थी, पर शनिवार को स्पष्ट हो गया है कि मुठभेड़ में 46 लाख रुपये के इनामी छह नक्सली मारे गए हैं। इनकी पहचान भी कर ली गई है। पुलिस को घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक भी मिले हैं। मुठभेड़ में नारायणपुर डीआरजी के तीन जवान भी घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार पूर्वी बस्तर डिवीज़न में नक्सलियों के आक्रामक दस्ते के स्तंभ रहे कंपनी नंबर छह, बयानार एरिया कमेटी, अमदई एरिया कमेटी के ऊपर यह अब तक सबसे कड़ा प्रहार है। मारे गए नक्सलियों में कंपनी क्रमांक छह के पांच व बयानार एरिया का असिस्टेंट कमांडर शामिल है। बस्तर के आइजी सुंदरराज पी. ने बताया कि गुरुवार मध्य रात्रि में अभियान शुरू किया गया। नारायणपुर डीआरजी की नौ, दंतेवाडा की आठ, बस्तर की चार व कोडांगाव की दो टीमें तथा आइटीबीपी 45वीं वाहिनी, सीआरपीएफ 195 वाहिनी के संयुक्त बल को उतारा गया। टीमें मुंगाड़ी, आदेरबेडा, इरपानार, वट्टेकाल के लिए रवाना की गईं।

पहाड़, नदी-नालों को पार कर सुरक्षा बल की टीमें शुक्रवार की दोपहर तीन बजे भटबेड़ा- बट्टेको और छोटेटोंडेबेड़ा के जंगल में पहुंची तो नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली वहां से भाग निकले।दो 303 रायफल, एक 315 बोर रायफल, तीन 12 बोर रायफल, एक बीजीएल लांचर, 10 बीजीएल सेल, दो 12 बोर का पोच, एसएलआर मैग्जीन, एसएलआर राउंड, डेढ किलो वजनी जिंदा कुकर बम, पांच पिट्ठू बैग, विस्फोटक पदार्थ, दवाईयां व नक्सली दैनिक उपयोगी सामान मिला है।71 मुठभेड़ में 123 नक्सलियों के शव मिले, इस वर्ष अब तक 71 मुठभेड़ के बाद 123 नक्सलियों शव व 136 हथियार पुलिस को मिले हैं।

## उधर नीतीश कुमार दिल्ली गए, इधर मुकेश सहनी के बयान से सियासी भूचाल

**पटना 09 जून ।** देश में लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद अब बिहार की सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां शपथग्रहण समारोह में भाग लेने दिल्ली गए हैं, वहीं, इधर मुकेश सहनी के एक बयान से सियासी हलचल तेज हो गई है। मुकेश सहनी ने बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है।

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने फेसबुक लाइव माध्यम से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को चुनाव में समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तथा उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि उम्मीद के मुताबिक आईएनडीआईए को परिणाम नहीं मिला, लेकिन पिछली बार से सीटें भी बढ़ी और वोट प्रतिशत भी बढ़ा। मुकेश सहनी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि निराश होने की जरूरत नहीं है। हमलोग संघर्ष करते रहेंगे, सफलता जरूर मिलेगी। मुकेश सहनी ने अपने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार रहने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे तो विधानसभा का चुनाव अगले वर्ष होना है, लेकिन नीतीश कुमार इस साल ही चुनाव कराने की कोशिश करेंगे।

## गुजरात में लाखों का नुकसान, भावनगर में चार दुकानें जलकर हुई खाक

**भावनगर, 09 जून [एजेंसी]।**

गुजरात के भावनगर जिले के वर्तेज गांव में एक बस स्टैंड से सटी चार दुकानों में आग लग गई।



अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार आग की लपटों को बुझाने और उससे होने वाले नुकसान को रोकने के लिए दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है

## अमेठी में बड़ा हादसा, बोलेरो व बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर



**अमेठी, 09 जून [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया।

बांटा-टांडा राजमार्ग पर मुंशीगंज के जामो-भादर चौराहा पर बोलेरो व बाइक (बुलेट) में टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। भीषण हादसा के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

## निशु सिंह ने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराया

**बिलासपुर, 09 जून [एजेंसी]।**

शहर की बेटी निशु सिंह ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराकर शहर का नाम रोशन किया है। निशु ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए यह साहसिक उपलब्धि हासिल की। आक्सीजन की कमी, तेज तूफान और बर्फबारी जैसी चुनौतियों ने उनकी चढ़ाई को और भी कठिन बना दिया था। निशु ने अपने इस साहसिक अभियान के दौरान कई विपरीत परिस्थितियों का सामना किया। बेस कैंप से आगे बढ़ते हुए उन्हें आक्सीजन की कमी से जूझना पड़ा। इस दौरान, तेज हवाओं और बर्फबारी ने उनकी कठिनाई को और बढ़ा दिया।



लेकिन निशु ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस से इन सभी चुनौतियों को पार किया। निशु के इस उपलब्धि पर शहर में जश्न का माहौल है। उनके परिवार और दोस्तों ने इस गर्व के क्षण को साझा करते हुए कहा, निशु ने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत से यह साबित कर दिया कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

वह हमारी प्रेरणा है। निशु ने अपने इस अद्वितीय सफर के बारे में बताया, माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करना मेरा सपना था। यह सफर आसान नहीं था, लेकिन मेरे माता-पिता और प्रशिक्षकों के सहयोग और समर्थन ने मुझे इस चुनौती को पूरा करने की हिम्मत दी। तिरंगा लहराते हुए मुझे गर्व और खुशी का अहसास हुआ। शहरवासियों ने भी निशु की इस उपलब्धि को सराहा और उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की है।




**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## दरभंगा घराने के पद्मश्री पंडित रामकुमार मल्लिक का निधन, पूरे राज्य में शोक की लहर

**दरभंगा, 09 जून [एजेंसी]।**

दरभंगा घराने के पद्मश्री पंडित रामकुमार मल्लिक (73) का निधन शनिवार की रात पैतृक ग्राम आमता में हृदय गति रुक जाने से हो गया। वे पंडित विदुर मल्लिक के पुत्र व शिष्य थे। पंडित जी देश-विदेश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी गायकी का लोहा मनवाया था।

कई सम्मानों से अलंकृत थे। वर्ष 2024 में इनको पद्मश्री अलंकरण से नवाजा गया। उनकी दो पुत्री रुबी, रिंकी, चार पुत्र संतोष, समित, साहित्य एवं संगीत मल्लिक है। पंडितजी ने अपने सभी पुत्रों और शिष्य को ध्रुपद गायकी के लिए तैयार किया। वे करीब पांच सौ वर्ष से निरंतर चली आ रही ध्रुपद परंपरा की 12 वीं पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते थे। ध्रुपद ने



इनका प्रशिक्षण बचपन से ही अपने गुरु और पिता ध्रुपद सम्राट पं. विदुर मल्लिक के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। दादा पंडित सुखदेव मल्लिक से भी संगीत सीखने का अवसर मिला। इनकी गायकी में गौहार वाणी, खंडार वाणी कस सुमधुर प्रयोग स्पष्ट से रूप से दिखाई देता था। इनके जाने से दरभंगा घराना ही नहीं बल्कि संगीत जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

# फ्लाई एश बनी जन स्वास्थ्य के लिए सिर दर्द , एनटीपीसी समेत तीन पर पैनालटी



कोरबा। पावर प्लांट से राखड़ परिवहन में पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने के मामले में तीन औद्योगिक संस्थानों पर पर्यावरण विभाग ने 25 लाख का जुर्माना लगाया है।अभी भी बिना तिरपाल ढके हाइवा में राखड़ का परिवहन किया जा रहा है। यही नहीं, सड़क किनारे कहीं भी फेंक रहे हैं। इसकी वजह से हवा चलने पर राखड़ उड़ने लगता है। पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी परमेंद्र पांडेय ने प्रदूषण फैलाने पर एनटीपीसी, सीएसईबी और बालको पर 25 लाख का जुर्माना लगाया है।

पावर प्लांटों में रोज डेढ़ लाख टन से अधिक की कोयला खपत होती है। इससे निकलने वाला राखड़ का शत-प्रतिशत उपयोग करना है। साथ ही राखड़ बांध में सुरक्षित रूप से रखना है, लेकिन प्लांट प्रबंधन इसकी अनदेखी कर रहे हैं। इस मामले में जिला प्रशासन भी समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करता है। सीएसईबी प्रबंधन की मनमानी सबसे अधिक हो रही है। ढेंगुरनाला के किनारे राखड़ डैम से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। राखड़ की खपत बढ़ाने लो लाइन एरिया में भी भरा जा रहा है। इस कार्य में भी नियम का खुलकर उल्लंघन हो रहा है।

बिना अनुमति के ही कहीं भी राखड़ को डंप कर रहे हैं। राखड़ परिवहन करने वाले वाहन सड़क को ही पार्किंग बना लेते हैं। इससे भी लोगों को परेशानी होती है। इस संबंध में पहले पर्यावरण विभाग ने औद्योगिक संस्थानों को नोटिस भी जारी किया था, लेकिन सुधार नहीं होने के कारण ही जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है।

## अब कोषालय में ऑनलाइन बिल ही पेश किए जाएंगे

कोरबा। कोष लेखा एवं पेंशन विभाग ने कोषालय में पेपर लेस बिल प्रस्तुत करने कहा है। अब सभी विभागों से ऑनलाइन ही कोषालय में बिल प्रस्तुत किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी पीआर महादेवा ने बताया कि निकट भविष्य में पेपर लेस बिल कोषालय में प्रस्तुत की जाएगी। बिल ऑनलाइन तैयार किया जाएगा और ऑनलाइन ही कोषालय में प्रस्तुत किया जाएगा। बिल के साथ में राशि आहरण करने की मंजूरी आदेश संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही बिल के साथ संलग्न किए जाने वाले सभी प्रकार के प्रपत्र और सह पत्र ई-बिल के रूप में संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस संबंध में आहरण अधिकारियों को निर्देश जारी किया जा चुका है।

## पीएटी व पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा 4 केंद्रों में आज

कोरबा।छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर से आयोजित पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा 9 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। शहर में इसके लिए 4 परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

## महिला मंडल ने मेघावी छात्रा प्रतिभा को दी आर्थिक सहायता



कोरबा । हरदीबाजार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा के कु. प्रतिभा पटेल पिता श्रवण पटेल ने कक्षा दसवीं सत्र 23 -24 में 94प्रतिशत प्राप्त की है विद्यालय में सर्वोच्च स्थान रहा है जिनका पारिवारिक आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और छात्रा आगे और पढ़ाई करना चाहती है जिसको विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए श्रद्धा महिला मंडल ने रवींद्र भवन वसंत विहार एस ई सी एल बिलासपुर द्वारा उनके प्रतिभा को निखारने हेतु व आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से मेधा सम्मान 2024 के तहत 10000 मोमेंटो प्रशस्ति पत्र एवं पर्यावरण संतुलन हेतु एक पौधा के साथ सम्मानित किया गया जो कि छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु अत्यधिक उत्साहवर्धन रहा ।

श्रद्धा महिला मंडल का यह कार्य छात्र छात्रों में सशक्तिकरण व भविष्य हेतु मिल का पत्थर साबित होगा विद्यालय के लखन लाल बंजारे प्राचार्य का संरक्षण व राजेंद्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी का विशेष कुशल मार्गदर्शन,प्रोत्साहन व योगदान रहा साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा सम्मान के इस मौके पर विभा शुक्ला शा उ मा विधालय रामपुर,राजेंद्र कुमार नायक व कुमारी प्रतिभा पटेल बोईदा ने कार्यक्रम में शामिल होकर सम्मान प्राप्त किया।

# विकास के लिए तरस रहा है औद्योगिक नगर का घंटाघर

कोरबा। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के समय में बनी हुई योजना का क्रियान्वयन नगर निगम के कार्यकाल में करते हुए कोरबा में घंटाघर का निर्माण कर दिया गया। समय बीतने पर इसका हहाल कर दिन की चांदनी फिर अंधियारी रात जैसा हो गया। लंबे समय से यह उपेक्षा की जद में है। लोगों की शिकायत है कि तमाम तरह की समस्याओं की जानकारी देने के बावजूद इनका समाधान करने को लेकर नगर निगम किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहा है।कोरबा के विकास को प्रतिबिंबित करने की इरादे से नगर पालिका निगम के द्वारा बीते वर्षों में ओपन थिएटर के नजदीक घंटाघर का निर्माण कराया गया। यहां काफी ऊंचाई पर स्तंभ बनाने के साथ घड़ी लगाई गई जो विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को नजर आ रही थी। रास्ते से गुजरने के दौरान लोगों को उसे समय देखने के लिए अपने हाथ की घड़ी की तरफ ना देखना पड़े यह भी एक उद्देश्य था। इसके बहाने लोग इस बात को भी जानते कि कोरबा ने कितना विकास अब तक कर लिया है। नगर निगम के अधिकारियों ने उसे समय कोलकाता से घड़ी मंगवाई थी जिसे यहां पर लगवाया गया। कुछ समय ताकि इसका समय लोग जान सके और उसके बाद से ना तो घड़ी ने समय दिखाया और ना ही अब वह मौके पर है। घंटाघर की दशा को लेकर आसपास में व्यवसाय करने वाला वर्ग काफी नाराज है। प्रभा सिंह ने बताया कि शाम होने के बाद यहां अजीब स्थिति हो जाती है। आसपास की लाइट नहीं जलने के कारण समस्या पेश आती हैं। यहां की स्थिति से हम काफी दुखी है।

घंटाघर के आसपास व्यावसायिक परिसर का निर्माण भी नगर निगम की ओर से कराया गया है जिसके माध्यम से उसे काफी राजस्व की प्राप्ति होती है। व्यवसाय करने वाले वर्ग की शिकायत है कि ना तो यहां पर नियमित साफ-सफाई हो रही है और ना ही अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है। काफी समय से माहौल खराब है। जानकारी होने पर भी उचित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

नगर पालिका निगम कोरबा का वार्षिक बजट 900 करोड़ का है और इसके माध्यम से 67 वार्ड में कई प्रकार की सुविधा मुहैया कराने की जिम्मेदारी है। जबकि सीसीएल और एनटीपीसी अपने क्षेत्र में सुविधाओं की व्यवस्था खुद कर रही है। इतना सब कुछ होने पर भी नगर निगम अपने इलाके से जुड़े हुए मसलों को लेकर उतना ज्यादा गंभीर नहीं है जितना की अपेक्षित है। नगर निगम के अगले चुनाव इसी वर्ष नवंबर में होने हैं। ऐसे में क्या नागरिक उम्मीद कर सकते हैं कि कोरबा के प्रमुख स्थान कहे जाने वाले घंटाघर से जुड़ी हुई समस्याओं को दूर करने के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी ध्यान देंगे

# ढहने की कगार पर आए सैंकड़ों आवास को जमीदोज करने की तैयारी

कोरबा। बिजली उत्पादन कंपनी ने दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रख अपनी कोरबा पूर्व कॉलोनी के सैंकड़ों आवासों को ध्वस्त करना तय किया है। ये आवास 6 दशक पुराने बताये जा रहे है। इनमे कम्पनी के कर्मी से लेकर अवैध कब्जाधारी रह रहे है। तोड़फोड़ की कार्यवाही से पहले कम्पनी ने नोटिस जारी कर दिया है। एक पखवाड़े के भीतर इस दिशा में काम होगा। कोरबा पूर्व क्षेत्र में बिजली उत्पादन कम्पनी ने उन सभी आवासों को जमीदोज करने की तैयारी कर ली है है जिनकी दशा बेहद नाजुक है। ये आवास तब बने थे, जब तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 100 मेगावाट और उसके बाद सोवियत रूस के सहयोग से 240 मेगावाट क्षमता वाली बिजली परियोजना का निर्माण किया गया। बिजलीघर के अधिकारियों व कर्मचारियों की सुविधा के लिये यह कॉलोनी विकसित की गई। कालांतर में इस कालोनी में अवैध कब्जा की बाढ़ आ गई। नीतिगत रूप से कम्पनी ने सिर्फ अपने कर्मचारियों के आवासों की सुध ली। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। समय के साथ आवासों की स्थिति जर्जर हो गई। अनेक मौकों पर इनके छज्जे गिरने से लेकर दीवार और छत का हिस्सा दरकने के मामले प्रकाश में आये। ऐसे आवासों की संख्या 400 तक हो गई है। बिजलीघर प्रबंधन ने 1 वर्ष पहले आवासों को जमीदोज करने की घोषणा कर सम्बंधित को नोटिस दिया था। अब इस मामले में कार्रवाई की जानी है। एक बार फिर लोगों को नोटिस दिया गया है ताकि वे अपनी व्यवस्था करे। पूछताछ करने पर एक कर्मचारी ने कहा कि निश्चित रूप से हम अपनी व्यवस्था जरूर करेंगे जबकि अवैध रूप से काबिज लोग नोटिस नही मिलने की बात कह रहे है। लेकिन दोनों को मालूम है कि इस इलाके में रहना अब काफी असुरक्षित है। छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन कंपनी की कोरबा स्थित परियोजना के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर हेमंत सचदेवा ने बताया कि 400 से ज्यादा जर्जर आवास कुल मिलाकर समस्या बने हुए हैं। किसी भी तरह के अनहोनी से बचने के लिए इन्हें डिस्मेंटल करना है। हमारे जो कर्मचारी हैं उन्हें आवास आवंटित किए जाएंगे अन्य अपात्र लोगों की चिंता कंपनी क्यों करेगी। डॉक्टर सचदेवा ने बताया कि आवासों को डिस्मेंटल करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया हो चुकी है कुछ औपचारिकता बची हैं। अधिकतम 10 15 दिन में अगली कार्रवाई की जाएगी। कोरबा में बिजली कंपनी के द्वारा अपने आवासों को समाप्त करने का यह निर्णय दूसरों को हैरान कर सकता है लेकिन रणनीतिक स्तर पर यह अत्यंत जरूरी भी हो गया था। कम्पनी सूत्रों का कहना है उसने अपने कर्मचारियों को सुविधा देने कॉलोनी विकसित की थी लेकिन बीते वर्षों में देखा गया कि मुफ्तखोरी की जड़ों का जाल फैलता चला गया। एक तो उसके आवास भी हाथ से निकल गए और फ्री बिजली, पानी का भार भी कम्पनी के मत्थे आ गया। ऐसे में आवासों के जर्जर होने ने एक रास्ता भी दिया। खबर है कम्पनी आगे निर्माण के साथ सुरक्षा के पहलु का खास ध्यान रखेगी, ताकि ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

# स्वीकृति के अभाव में बाईपास के निर्माण कार्य में कई प्रकार की परेशानी, बारिश में लोग जूझेंगे



कोरबा। सर्वमंगला चौक से तरदा तक एक ओर उरगा व दूसरी ओर बलौदा जाने वाले नहर बायपास के आखिरी छोर पर सर्वमंगला मंदिर के पीछे करीब 8 माह से डायवर्सन रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। सर्वमंगला चौक से हसदेव नदी के किनारे से नहर तक करीब 400 मीटर की दूरी पर यू-टर्न में बन रही डायवर्सन सीसी रोड की धीमी रफ्तार की वजह से अब तक करीब 50 फीसदी कार्य ही पूर्ण हुआ है।

इसके आगे सर्वमंगला मंदिर के दूसरे मार्ग पर रेलवे ब्रिज के नीचे से सर्वमंगला चौक तक के हिस्से को जोड़ने के लिए ठेका कंपनी ने समतलीकरण का कार्य शुरू किया तो रेलवे ने अड़ंगा डाल दिया है। बिना रेलवे से अनुमति के हसदेव नदी पर बने रेलवे ब्रिज के नीचे सड़क निर्माण पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में समतलीकरण के बाद आगे का काम रुक गया है। ऐसे में बारिश से पहले डायवर्सन रोड का कार्य पूरे होने की उम्मीद कम है। बारिश होते ही निश्चित ही कार्य प्रभावित होगा। ऐसे में सर्वमंगला चौक से तरदा की ओर छोटे वाहनों की आवाजाही भी मुश्किल हो जाएगी।

क्योंकि डायवर्सन रोड अधूरा होने और वर्तमान में बनाया गया एप्रोच रोड बारिश होते ही गड्ढे व कीचड़ में तब्दील हो जाती है। दूसरी ओर बालकोनगर से गुजरे रिंग रोड समेत शहर की दूसरे सड़कों पर भारी वाहनों के चलने से जाम की स्थिति बनी रहेगी। डायवर्सन रोड का निर्माण कार्य जल्द हो इसके लिए सर्वमंगला चौक से हसदेव नदी के किनारे से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है। ऐसे में दोपहिया व चार पहिया वाहन सर्वमंगला रेलवे फाटक होते हुए आवाजाही कर रहे हैं। रेलवे फाटक के थोड़े-थोड़े देर के अंतराल में बंद होने व सर्वमंगला मंदिर की ओर संकरा सड़क होने के कारण वाहनों का जाम लग रहा है। वाहनों को फाटक के पास से दोनों दिशा में पार होने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। शनिवार की शाम जाम में आधे घंटे तक एंबुलेंस फंसी रही। किसी तरह एक दिशा में वाहनों को रोककर एंबुलेंस को निकाला गया।

पहले बनी थी निगम की सीसी सड़क, अब इसे उखाड़ा जा रहा रेलवे ने हसदेव नदी पर बने जिन दो ब्रिज के नीचे डायवर्सन सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाई है, वहां पहले ही नगर निगम की सीसी सड़क बनी हुई थी। यह सर्वमंगला चौक के पास गार्डन के सामने से सर्वमंगला मंदिर तक श्रृद्धालुओं के वाहनों के पहुंचने के लिए बनाई गई थी। अब उसी सड़क को उखाड़कर नए सिरे से डबल लेन सीसी सड़क बनाने की तैयारी थी। एकाएक रेलवे ने अड़ंगा लगा दिया। पहले सर्वमंगला मंदिर के पीछे से नई रेलवे लाइन आने से रुकावट आई थी।रेलवे की ओर से आपत्ति के चलते कार्य प्रभावित टृपीडब्ल्यूडी की ईई जीआर जांगड़े के मुताबिक सर्वमंगला डायवर्सन रोड का कार्य तेजी से हो और वर्षा काल में वाहन उससे गुजरे इसी प्रयास से कार्य चल रहा था। नहर के पास से रेलवे ब्रिज के नीचे तक रिटेनिंग वॉल बनाकर एक साइड का पीसीसी पूरा कर लिया गया है, दूसरी साइड पर कार्य चल रहा है। आगे ब्रिज के नीचे सड़क बनाने पर रेलवे की ओर से आपत्ति करते हुए कार्य रुकवा दिया गया है। इस कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।

# प्रेस क्लब चुनाव की मतदाता सूची का प्रकाशन 11 को, 12 को नामांकन और वापसी

कोरबा । कोरबा प्रेस क्लब के चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। कोरबा प्रेस क्लब की द्विवर्षीय कार्यकारिणी चयन के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। इन 9 पदों में संरक्षक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव और कोषाध्यक्ष के एक-एक पद और कार्यकारिणी सदस्य के तीन पदों पर चुनाव होंगे।

चुनाव अधिकारी अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कोरबा प्रेस क्लब में कुल 9 पद के लिए मतदान गुरुवार 13 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा। कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में चुनाव स्थल निर्धारित किया गया है, जहां 11 जून को सुबह 10 बजे प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। प्रारंभिक मतदाता सूची पर आपत्तियों के लिए से सुबह 10:15 बजे से 11:15 बजे तक वक्त मिलेगा। आपत्तियों का निराकरण इसी दिन दोपहर 2:30 बजे तक किया जाएगा और दोपहर 3 बजे अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। 11 जून को ही दोपहर 3:30 बजे से शाम 6 बजे के बीच और उसके बाद 12 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्र उपलब्ध होंगे। नामांकन-पत्र जमा करने के लिए भी 12 जून को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का समय मिलेगा। नामांकन-पत्र का परीक्षण, आपत्ति व निराकरण इसी दिन दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच होगा। 12 जून को ही नामांकन की वापसी दोपहर 2.35 से दोपहर 3 बजे के बीच की जा सकती है और शाम 4 बजे प्रत्याशियों के नामों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। 13 जून को मतदान होंगे और शाम 4 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी, जिसके बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। इस प्रक्रिया में पोस्टल मतदान की व्यवस्था लागू नहीं रहेगी।

# अच्छी पैदावार के लिए मिट्टी की गुणवत्ता का बेहतर होना जरूरी



कोरबा। खेतों की उर्वरा शक्ति कैसी है, यह पता चलता है मिट्टी की गुणवत्ता से। कृषि विभाग की प्रयोगशाला इस काम को कर रही है। अब तक यहां 400 नमूनों की जांच की जा चुकी है

फसलों की अच्छी मात्रा के लिए खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता मायने रखती है। खेतों में कमी को कैसे दूर किया जाए, इसकी भी तकनीक है। कृषि अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष हमे 8000 मिट्टी के नमूनों की जांच करना है। अब तक 400 कि जांच हुई है।

अलग अलग कारणों से खेतों की पैदावार पर असर पड़ता है। प्रदूषण या अन्य कारण बंजर जमीन की कमियां दूर करने के उपाय उपलब्ध है। हम किसानों को इसकी जानकारी देते है।

याद रखना होगा कि सरकार ने मिट्टी परीक्षण का कार्य निशुल्क रखा है। किसान अपने खेत की मिट्टी देकर जान सकते है कि फसल चक्र के हिसाब से उनके खेत की मिट्टी अनुकूल है या नही।

## अर्धनग्न हालत में मिला एक अज्ञात महिला का शव-जांच जारी

कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र कुसमुंडा थाना अंतर्गत ग्राम खोडरी रिसदी में एक अज्ञात महिला का शव देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार अलसुबह ग्राम खोडरी के रिसदी सुंदरहा नाले के पास एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न हालत में शव देखा गया। उक्त महिला की साड़ी भी जली हुई है। महिला की पहचान नही हो सकी है। ग्रामीणों द्वारा कुसमुंडा पुलिस को घटना की सूचना दी गई है। ग्राम रिसदी से लगभग 500 मीटर की दूरी पर सुनसान इलाके में नाले से लगे झाड़ियों के बीच उक्त अज्ञात महिला का शव की जांच उपरांत पश्चात ही पूरे मामले का खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच कार्यवाही कर रही है

## 80 से अधिक छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

कोरबा । दिनांक 8 जून 2024 को एसईसीएल श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा वसंत विहार स्थित रवीद्र भवन में मेधा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बिलासपुर जिला एवं एसईसीएल के सभी संचालन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सरकारी स्कूलों के टॉपर बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# गर्मी से अभी राहत नहीं . न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पर, इसलिए रात भी हो रही गर्म



कोरबा। मौसम का मिजाज अभी भी गर्म है। शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। इसकी वजह से दोपहर तक तेज गर्मी रही। इसके बाद बदली छाई और शाम को तेज हवाएं चली। इससे भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

मौसम विभाग के अनुसार आगे भी तापमान 41 डिग्री से अधिक रहेगा। रोज बदली भी रहेगी। हवा चलने पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। नौतपा को खत्म हुए 6 दिन गुजर गए इसके बाद भी गर्मी कम नहीं हो रही है। इसका मुख्य कारण पहली बार प्री मानसून की बारिश नहीं होना है। पिछले कुछ वर्षों में तेज अंधड़ के साथ बारिश होती रही है।लेकिन इस बार बदली छाने और हवा चलने के बाद भी बूंदाबांदी तक नहीं हो रही है। दोपहर में लू जैसे हालात बन रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल है। सुबह से ही धूप चुभने लगती है। बदली छाने पर उमस बढ़ जाती है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून प्रवेश करने के सप्ताह भर बाद ही जिले में बारिश हो सकती है। इस वजह से लोगों को अभी इंतजार करना पड़ेगा। कटघोरा और पाली में भी तेज गर्मी से लोग परेशान रहे। देर शाम तक तापमान में गिरावट तो आई लेकिन गर्मी कम नहीं हो रही है। बिजली की खपत भी 30त्न से अधिक गर्मी के समय जिले में बिजली की खपत 220 मेगावाट हो रही है। सामान्य दिनों में बिजली की खपत 160 से 170मेगावाट तक होती है। गर्मी के समय 190 तक पहुंचती है ।लेकिन इस बार 30 प्रतिशत से अधिक हो रही है। इसका मुख्य कारण गर्मी का कम नहीं होना है। बिजली खपत बढ़ने की वजह से ही ट्रिपिंग की समस्या भी हो रही है।

## शराब में मिलावट करते हुए मिले तीन कर्मी

कोरबा। विदेशी मदिरा दुकान ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा में आकस्मिक निरीक्षण दौरान सुपरवाइज़र प्रतिपाल यादव, सेल्समेन प्रवीण जयसवाल एवम् मल्टींवर्कर होलिका सिंह को मदिरा मिलावट करते पकड़ा गया।आरोपियों के क़ब्ज़े से 06 नग मैकडॉवेल्स ठ्ठ1 बॉटल में भरी मिलावटी मदिरा,06 नग मैकडॉवेल्स बॉटल की ख़ाली शीशी ढक्कन,06 नग गोवा व्हिस्की बॉटल ख़ाली शीशी,एवम् 04 नग आफ्टरडार्क बॉटल की ख़ाली शीशी एवम् ढक्कन बरामद किया गया।

## बैटरी चोर पकड़ाए

कोरबा। सोलर लाईट सिस्टम में लगे बैटरियों की चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है,जहां भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत हो रहे निर्माण स्थल पर रौशन करने के लिए बैटरी लगाया गया था।

# शनि मंदिर सीएसईबी कॉलोनी में हुई महाआरती

कोरबा की सीजीपीजीसीएल कॉलोनी के शिव शनी मंदिर में ज्येष्ठ अमावस्या को अवतरण दिवस पर विभिन्न आयोजन हुए। बड़ी संख्या में यहां पहुंचे श्रद्धालुओं के द्वारा सुबह से पूजा अर्चना की गई जो शाम तक जारी रही। रात्रि को दिव्य महाआरती की गई। इस अवसर पर भक्तों को भोग प्रसाद भी वितरित किया गया।

## शराब की तस्करी के मामले में पकड़ाया आरोपी

**जांजगीर।** अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना अकलतरा पुलिस ने 8 जून को अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध करवाई की, जिसमें नवापारा, अमोरा के साहिल दास महंत के कब्जे से 30 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 2700 रुपए व परिवहन में उपयोग लाई गई बाइक को जब्त कर ली। और आरोपी को धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## हिमालय ने क्रिकेट मैच में जीत दर्ज की, अरावली की हार



**मालखरौदा।** अनुविभाग मालखरौदा के दशहरा मैदान में 5 जून से शुरू हुए क्रिकेट लीग मैच का 8 जून को धमाकेदार तरीके से समापन हुआ। ज्ञात हो कि 4 टीमों के साथ शुरू हुई श्रृंखला में कप्तान सहदेव यादव के हिमालय बुल्स और विजय खरे के अरावली शार्क्स के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमे रोमांच की सारी हदें पार हो गई। आखिरी गेंद तक चैंपियन का निर्णय नहीं हो सका। मैच दोनों टीमों के बीच टाई हो गया, जिसके बाद सुपर ओवर में खेले गए मैच में हिमालय बुल्स टीम के कप्तान सहदेव यादव के कुशल नेतृत्व में 16 रनों से मैच जीतकर कप अपने नाम किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच गंगाधर, मैन ऑफ द टूर्नामेंट अंशुल बरेठ, फेयर प्ले टीम गिरजा शंकर, दिनेश के अरावली शार्क्स को दिया गया।

मैच के समापन समारोह में मुख्य रूप से रामनरेश अजगल्ले (शिक्षक), भूषण बंजारे(शिक्षक), लक्ष्मी जायसवाल (प्रयास अकादमी के संचालक), सिदार आरक्षक , शत्रुघन जांगड़े छत्तीसगढ़ पुलिस, सूरज प्रकाश चंद्रा (श्रीराम मेडिकल स्टोर्स), हरीश बंजारे, अजय तंबोली, जोशी , लंबोदर वैष्णव, हरीनारायण चंद्रा, हिमांशु मिश्रा, राजेश चौहान, संदीप अजगल्ले, आशीष साहू एवं सभी चारो टीम के खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में गांव के दर्शक मौजूद रहे।

# नवतपा उतरा लेकिन फिर भी तापमान के तवर परेशान कर रहे लोगों को

**जांजगीर चंपा।** संभाग सहित जिला में इस समय झुलसा देने वाली गर्मी की चपेट में है। हालांकि दो जून रविवार को नौतपा विदा ले चुका है। इसके बावजूद गर्मी अपना कहर बरपा रही है। इसके के चलते पारा छलांग लगाते हुए 43 डिग्री पर जा पहुंचा है। मौसम विभाग की मानें तो तापमान दो दिन बाद और बढ़ने की संभावना है। इसलिए अभी गर्मी से राहत नहीं मिल सकती। 45 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंचने की संभावना मौसम विभाग जता रहे हैं। साथ ही पहले की अनुमान के अनुसार अब प्रदेश में मानसून पहुंचने में भी विलंब हो सकता है।


नौतपा के बाद बढ़े हुए तापमान ने शहरवासियों को परेशान कर दिया। नवपा विदाई के बाद तापमान में कमी होने लगी थी, पारा 37 डिग्री तक पहुंच गया था, भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल रही थी, लेकिन शुक्रवार को पारा चार डिग्री उछलकर 43 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री ज्यादा रहा है।

25 मई से 2 जून तक चले नौतपा में तापमान 47 डिग्री से लुढ़ककर 37 डिग्री सेल्सियश तक नीचे आ गया था लेकिन जैसे ही नौतपा समाप्त हुआ है। उसके बाद राहत थी, पांच दिन बाद शुक्रवार को सुबह से ही गरम हवाएं की लपटें चलने लगी और तापमान पिछले तीन-चार दिनों में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर पहुंच गया। बुधवार को पारा 38 डिग्री सेल्सियश पर था लेकिन शुक्रवार को यही पारा 43 डिग्री पर पहुंच गया।

इसी रोज न्यूनतम पारा 28 डिग्री दर्ज किया गया था लेकिन मंगलवार को 30 डिग्री दर्ज किया गया। यानि सुबह और शाम दोनों समय तापमान शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अभी आगे भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। दो दिन बाद तापमान और बढ़ने की संभावना है।

पारा 45 डिग्री से भी ऊपर जा सकती है। इससे लोगों को गर्मी और ज्यादा सताएगी। इसके अलावा मानसून इस बार जल्दी आने की संभावना थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वर्षा की गतिविधियां कम हो गई। इसलिए अभी 3 से 4 दिन तक फिलहाल प्रदेश में मानसून आने की कोई संभावना नहीं है।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा का कहना है कि अगले दो दिनों के बाद अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। इसके अलावा वर्षा की गतिविधि में कमी आने वाले 3-4 दिनों तक रहने की संभावना है। इसके कारण




प्रदेश में मानसून का दस्तक अभी 4-5 तक होने की संभावना नहीं है।

**क्षेत्र में बादल की स्थिति बनी रहना चाहिए**

क्षेत्र में मानसून पहुंचने की घोषणा करने के लिए लगातार दो दिनों तक उस क्षेत्र के 80 प्रतिशत स्टेशनों में 2.5 मिमी या अधिक वर्षा हो तो दूसरे दिन मानसून पहुंचने की घोषणा की जाती है।

**चौक-चौराहों में बचने न शेड न ही पेड़**

चिलचिलाती तेज धुप से बचने के लिए चौक-चौराहों पर शेड का अभाव है। इस कारण राहगीरों, मजदूरों को पेड़ ल मिलने से दुकानों के आगे शेड के नीचे शरण लेकर समय बिताने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## पहली बारिश से चरमराई में बिजली सप्लाई व्यवस्था

**बिलासपुर।** शहर की बिजली व्यवसा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार की शाम को जैसे ही मौसम का मिजाज बदला और वर्षा होने लगी, सबसे पहले बिजली बंद हुई। कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा। मंगला अभिषेक नगर फेज-1 में डीओ चढ़ाने के लिए बिजली कर्मियों ने छह घंटे लगा दिए। इस अव्यवस्था के चलते उपभोक्ता बेहद नाराज हुए।

शहर की बिजली सप्लाई व्यवस्था सालभर से चरमरा गई है। इसके लिए यदि कोई दोषी है तो बिजली वितरण कंपनी है। दरअसल उपभोक्ताओं की सूचना या शिकायतों को कंपनी का मैदानी अमला कभी गंभीरता से नहीं लेता। यहीं कारण सूचना मिलने के बाद भी सुधार करने के लिए दो से छह या सात घंटे लगा देते हैं। अभिषेक नगर फेज-1 के रहवासियों को इसी समस्या का सामना करना पड़ा। यहां पानी टंकी के पास तीन ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। इसके बाद भी जिस तरह बिजली सप्लाई होनी चाहिए, उसका हमेशा अभाव रहता है। दोपहर तीन बजे डीओ गिर गया। रहवासियों ने सूचना दी और बताया गया कि इस तकनीकी खराबी के कारण वोल्टेज नहीं है। इसके चलते कई तरह की दिक्कत आ रही है।

## बैगा के काम से जुड़े युवक ने खुदकुशी की

**लटिया गांव का मामला पुलिस कर रही जांच**

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक युवक ने घर के अंदर बने दुर्गा मंदिर की घंटी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी मां मायके गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम लटिया की है। सूरज यादव (24) सुबह से दिखाई नहीं दिया। तब उसके घर जाकर लोगों ने देखा, तो अंदर बने मंदिर का दरवाजा बंद था। जिसे खोलने पर सूरज मंदिर के अंदर घंटी में कपड़े को फंदा बनाकर लटकते दिखा। पास में कुर्सी भी रखी हुई थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। युवक ने किस कारण आत्महत्या की है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। युवक की मां ईश्वरी यादव (45) ने बताया कि, वो 3 से 4 दिन पहले ही अपने मायके हरदी बाजार बोकरामुड़ा गई थी। सूरज घर में अकेला था। वह पूजा पाठ करता था और बैगा भी था।

## छात्रा हिमांशी का चयन नीट में हुआ

**सक्ती ।** नगर में संचालित अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा रही हिमांशी साहू का चयन एमबीबीएस नीट में हुआ है। विगत दिनों एनटीए द्वारा घोषित परिणाम घोषित किया गया। इसमें हिमांशी को 720 में 579 अंक प्राप्त हुए हैं। उसका चयन निश्चित माना जा रहा है। हिमांशी के पिता नारायण साहू अड़भार में शिक्षक हैं और माता कोमलेश्वरी साहू गृहिणी है। हिमांशी दृढ़ निश्चय रखने वाली और मेहनती रही है। ड्रॉप लेकर तैयारी की और सफल हुई है। उसकी बहन हिमाक्षी भी नवोदय विद्यालय की बारहवीं छात्रा है और होनहार है। हिमांशी की सफलता पर विधायक बालेश्वर साहू शिक्षक भोला साहू, अशोक साहू, मैम कुमार साहू, हेमंत साहू और समस्त साहू हेल्पलाइन के सदस्य, विद्यालय के संचालक योगेश साहू, शिक्षिका श्रुति वर्मा, बिंदा देवांगन, प्रमिला साहू, ममता देवांगन, प्राचार्य किरण ने खुशी जताई।

## भारी वाहनों की आवाजाही से नगर पालिका की सड़क जर्जर

**चांपा।** शहर के भीतर से दिन-रात भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इसे रोकने में स्थानीय प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। इस कारण से सड़कों का खराब होने की आशंका है। बैरियर रोड से रेलवे स्टेशन तक डिवाइडरयुक्त डामर का सड़क को नगर पालिका ने बनवाया है। इस पर रात 10 बजे से लेकर सुबह सात बजे तक भारी वाहन चलते है, जिससे सड़क का खराब होने का प्रबल संभावना बनी है। भारी वाहनों के कारण मॉर्निंग वॉक करने वालों को हादसा होने का डर लगा रहता है। सुबह जो सड़कों पर निकलते हैं, उनको भी डर लगा रहता है कि कही कोई दुर्घटना ना हो जाए। फिर भी नगर के यातायात प्रभारी या पुलिस प्रशासन इस पर कार्यवाही नहीं करती, जबकि अब चारों तरफ हाईवे का निर्माण हो गया है। इसके बावजूद गाड़ी वाले डीजल बचाने के चक्कर में शहर के बीच से भारी वाहनों को गुजार रहे हैं। शहर के भीतर से रोजाना गिट्टी लोड वाहन बड़ी संख्या में गुजरते हैं।

चूंकि नगर से लगे बिरगहनी में भारी संख्या में गिट्टी खदानें है, जहां से कोरबा के लिए 18 चक्के में गिट्टी प्रतिदिन 50 गाड़ी से ऊपर आती जाती हैं। उनको शहर के बीच से कोरबा की ओर जाने में कम दूरी तय करनी पड़ती है,



जबकि उनको पीआईएल बाइपास होकर घटोली चौक होते हुए बिर्रा फाटक के पास बन ओवरब्रिज से जाना चाहिए। कोरबा अगर वे ऐसे जाएंगे तो 5 किलो मीटर ज्यादा लगेगा।

## पुरानी रंजिश पर नाबालिग ने घटना को दिया अंजाम

**बिलासपुर ।** सरकंडा के बसोड़ मोहल्ला लिंगियाडीह में नाबालिग ने दो भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले से घायल दोनों भाइयों को स्वजन ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

सरकंडा के लिंगियाडीह बसोड़ मोहल्ले में रहने वाली सरस्वती बसोड़ गृहणी हैं। महिला ने बताया कि शुक्रवार का उनका बेटा आदर्श और भतीजा सौरभ घर के सामने बैठकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान अपोलो अस्पताल के सामने रहने वाला नाबालिग वहां आया। उसने पुरानी रंजिश पर दोनों भाइयों से विवाद करने लगा। इसका विरोध करने पर उसने बटनदार चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमला होते देख सौरभ ने बीच-बचाव करने कोशिश की। नाबालिग ने सौरभ पर भी चाकू से हमला किया। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन घायलों को लेकर अस्पताल गए। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद महिला ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है।

## सिल्ली में फंदे पर लटका मिला युवक

**जांजगीर चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम सिल्ली में एक युवक ने अपने घर में नाइलोन की रस्सी से फांसी लगा लिया। खुदकुशी करने के बाद वह एक सुसाइड लेटर भी छोड़ा है। जिसमें वह अपने जीवन से परेशान होकर यह कदम उठाया लिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मुलमुला पुलिस के अनुसार सिल्ली निवासी रवि दिगस्कर पिता नारायण 24 की हाल ही में शादी हुई थी। शादी के बाद से वह किसी बातों को लेकर अपनी जिंदगी से नाखुश था। वह बुधवार की रात को सभी घर के सदस्यों के साथ खाना खाया और अपने कमरे में सो गया। गुरुवार की सुबह जब वह देर तक नहीं उठा तो उसके परिजनों ने उसे आवाज लगाई। उसकी आवाज नहीं आने से उसके दरवाजे को तोड़कर देखा तो परिजनों की आंखें फटी की फटी रह गई। रवि ने अपने कमरे में नाइलोन की रस्सी से फांसी लगा लिया था।

## कोरबा सामान्य सीट पर जीत कांग्रेस नेताओं ने मंदिर में की पूजा



**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा क्षेत्र से महंत परिवार द्वारा हैट्रिक विजयी सफलता के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दो बार निर्वाचित होने वाली सांसद ज्योत्सना महंत अपने परिवार सहित नगर पहुंचने पर स्वर्गीय बिसाहूदास महंत बाल उद्यान में उनका कांग्रेसियों ने स्वागत किया।

उद्यान में वे अपने परिवार के साथ अपने पिताश्री छत्तीसगढ़ के जननायक स्व. बिसाहूदास महंत की प्रतिमा पर दीप धूप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तदुपरांत वे नगर के सिद्ध नहरिया बाबा सरकार मंदिर पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र और प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। इस दौरान प्रमुख रूप से जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुराज प्रसाद पांडे, विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, शेष राज हरबंस, ब्यास कश्यप, गुलजार सिंह, मदनलाल अग्रवाल सहित नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, दिनेश शर्मा, रमेश पैगवार, डॉ परस शर्मा, राधेलाल थवाईत,जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, विवेक सिसोदिया, रामविलास राठौर, प्रिंस शर्मा, शिशिर द्विवेदी, संतोष शर्मा, अजीत सिंह राणा, संजय केदारनाथ अग्रवाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अभियान . पंचायत के तालाब,स्कूल और पंचायत भवन हो रहे साफ

**बलौदा।** स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह अंतर्गत जनपद पंचायत बलौदा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत सार्वजनिक स्थलों तालाबों, पंचायत भवन स्कूल परिसर आदि में श्रमदान के जरिए सफाई की गई।

सीईओ जनपद पंचायत बलौदा आकाश सिंह ने बताया कि 7 से 12 जून तक पूरे प्रदेश में स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह मनाया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताया जाएगा व श्रमदान के जरिए गांवों के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जाएगी। सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत मड़वा में पंचायत भवन और मुख्य ग्राम मार्ग की सफाई की जाएगी।

ग्राम पंचायत देवरी, पिकनिक स्पॉट की सफाई ग्राम पंचायत कुदरी में सामुदायिक शौचालय व ज़र्वे ब में सड़क किनारे सफाई, ग्राम पंचायत ढोरला सामुदायिक शौचालय के पास सफ़ाई ग्राम पंचायत भवन परिसर व




सड़क किनारे, ग्राम पंचायत करमा तालाब के पास, ग्राम पंचायत खिसोरा सामुदायिक मंच व तालाब के पास ग्राम पंचायत, जावलपुर आदि पंचायतों में स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह की शुरुआत की गई। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन 5 से 12 जून तक किया, जिसमें ग्राम पंचायतों में स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम, श्रमदान किया जाना है और विभिन्न ग्राम पंचायतों में श्रमदान व स्वच्छता कार्यक्रम हो रहे है।

## ग्राहक की मौत, बैंक ने नामिनी को दी राशि

**बाराद्वार।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत ग्रामीण बैंक बाराद्वार में 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम का बीमा कराए जाने पर वार्ड नं. 14 मुक्ताराजा के हितग्राही की मौत होने पर उसकी पत्नी को 2 लाख की बीमा राशि का भुगतान किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक बाराद्वार की शाखा में बीरेन्द्र कुमार बरेठ वार्ड नं 14 मुक्ताराजा ने अपने बचत खाता के माध्यम से 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा कराया था, जिसके बाद 16 जनवरी 2024 को बीरेन्द्र कुमार बरेठ की स्वास्थ्यगत कारणों से मौत हो गई थी। बीरेन्द्र कुमार बरेठ की मौत होने के बाद उसकी पत्नी धनेश्वरी बरेठ ने ग्रामीण बैंक को सूचना दी, जिसके बाद बैंक प्रबंधक ने बीमा राशि का भुगतान करने व क्लेम सेटलमेंट करने के लिए बीरेन्द्र कुमार बरेठ की



नामिनी उसकी पत्नी धनेश्वरी बरेठ से आवश्यक दस्तावेज मांगे थे। जिस पर धनेश्वरी बरेठ ने सभी जरूरी दस्तावेज बैंक प्रबंधक का उपलब्ध कराए।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छग)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक :- 202405050100091
मामले की श्रेणी-अ-6-अ वर्ष 2023-24
ग्राम-उरगा, प.ह.नं. 27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक - 202405050100091/अ-6-अ/2023-24 में पक्षकार लता बाई कैवर्त पति दिनेश कुमार कैवर्त, निवासी सुभाष ब्लाक कोरबा, तहसील व जिला कोरबा छ.ग. के नाम पर ग्राम-उरगा, प.ह.नं. 27 तहसील-कोरबा में ख.नं. 244/4 ख रकबा 0.05 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में उक्त खसरे की भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज नहीं होने के कारण अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 115 के तहत् अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त है।

अतएव उपरोक्तानुसार अभिलेख दुरूस्त किया जाता है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 20/06/2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

## आचार संहिता खत्म, अब सरकार ऐसे करेगी जनता की समस्या हल

**चांपा।** लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचरण संहिता शुक्रवार को शिथिल हो जाएंगी। इसके साथ ही चुनाव के चलते जितने भी तरह की बंदिशें लगी हुई थी, वे हट जाएंगी और शासन-प्रशासन के कामकाज पहले की तरह सामान्य होंगे। साथ ही नए कार्य भी हो सकेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी। इसके साथ ही आचार संहिता प्रभावशील हो गई थी। लोकसभा चुनाव पूरे देश में 7 चरणों में संपन्न हुआ। 1 जून को अंतिम चरण का चुनाव होने के बाद 4 जून को मतगणना संपन्न हुई। अब 83 दिनों से लागू आचार संहिता 7 जून से शिथिल हो जाएगी। इसकी विधिवत घोषणा निर्वाचन विभाग द्वारा देर शाम तक कर दी गई।

विधिवत आदेश जारी होने के बाद लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता के दौरान निर्माण कार्य या कोई भी नए कार्यों की स्वीकृति नहीं हो पा रही थी और न ही नए कार्य शुरू हो पा रहे थे। अब नए कार्यों से रोक हट जाएगी और पहले से स्वीकृत कार्य शुरु किए जाएंगे। नए कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी विभागों में टेंडर नहीं लग पा रहे थे, वे टेंडर अब लगाए जाएंगे और नए टेंडर खोले भी जाएंगे।

**नए राशनकार्डों का होगा वितरण, जनदर्शन भी होंगे शुरू**

प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद राशनकार्ड का नवीनीकरण कराया गया है। सभी हितग्राहियों को नया राशनकार्ड दिया जाना है। वितरण का कार्य भी शुरू हो गया था लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से वितरण का काम बंद कर




दिया गया क्योंकि कवर पेज में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री की तस्वीर है। ऐसे में आचार संहिता हटने के बाद शेष बचे कार्डों का वितरण फिर से किया जाएगा। इसी तरह कलेक्टर जनदर्शन भी शुरु हो जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत नए आवेदन नहीं लिए गए थे जैसे पीएम आवास, श्रमिक पंजीयन आदि की प्रक्रिया भी फिर से शुरू हो जाएगी।

**लोकार्पण-भूमिपूजन से हटेगी रोक**

आचार संहिता लगने के बाद किसी भी तरह निर्माण, विकास कार्यों के शिलान्यास, भूमिपूजन एवं लोकार्पण, उद्घाटन पर रोक लगाई गई गई थी, आचार संहिता हटने के बाद ऐसे कार्यों का शिलान्यास, लोकार्पण, उद्घाटन कार्यक्रम चालू हो जाएंगे। नेता, मंत्री भी उन कार्यक्रमों में शामिल हो सकेंगे।

**सामान्य सभा, बैठकों का दौर होगा शुरू**

लोकसभा चुनाव के लिए जब से आचार संहिता लागू हुई थी, तब से नगर पालिका नगर पंचायतों एवं जिला पंचायतों में सामान्य सभा की बैठकें बंद हो गई थी। इस पिछले तीन माह से सामान्य सभा नहीं हो पाई थी और नगर पालिका में एमआईसी की बैठक भी नहीं हुई थी। आचार संहिता हटने के बाद सामान्य सभा बुलाई जा सकेगी और विभागीय बैठकें भी हो सकेंगी।

## महिला ने डेढ़ साल के बच्चे की हत्या

**रायगढ।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र से हृदयविदारक हत्या की वारदात सामने आई है। यहां एक मां ने अपने ही डेढ़ साल के बालक की गाल दबाकर हत्या कर दी। महिला ने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिनों से आत्महत्या करने के बारे में सोंच रही थी। उसे अपनी मौत के बाद बेटे की चिंता सताने लगी। इसलिए उसने पहले बेटे की जान ले ली। वारदात घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बरौनाकुण्डा की है। महिला की मानसिक स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। घरघोड़ा पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है।घरघोड़ा के डायल 112 टीम को सूचना मिली कि ग्राम बरौनाकुण्डा जूनाडीह में एक महिला ने अपने डेढ़ साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी है। जिस पर पुलिसने महिला के बयान से उसकी मनोदशा पर सवाल उठने लगें है। फिलहाल घरघोड़ा पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## अनमोल वचन......

दो तरह से देखने से चीज़े छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!

## आवेग व प्रतिरोध

*फिल्म अभिनेत्री से नेता बनी कंगना रानावत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महिला कांस्टेबल ने थप्पड़ मार दिया। सीआईएसएफ की यह कांस्टेबल कुलविंदर कौर दो साल से यहां तैनात है। कौर को फौरन गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया। कंगना मंडी से भाजपा की सांसद चुनी गई हैं। वह संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली आ रही थीं। सांसद द्वारा जारी वीडियो में कहा थप्पड़ मारने वाली किसान आंदोलन की समर्थक थी। उसने सामने से चेहरे पर मारा और अपशब्द कहने लगी, जबकि फौरन कपूरथला की कौर का वीडियो भी सोशल मीडिया में आया, जिसमें वह कंगना पर आरोप लगा रही है कि उन्होंने सौ-सौ रुपए लेकर किसान आंदोलन में महिलाओं के बैठने की बात की थी, जिसमें कौर की मां भी शामिल थी।*

*कंगना अपने वीडियो में पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है, उसे हम कैसे हैंडल करेंगे, भी कह रही हैं। जिस पर अलग विवाद हो गया। सुरक्षाकर्मी का यह बर्ताव बेहद निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है। आंदोलन करना या उसके खिलाफ बयान देना, निजी मसला है, जिसका संवैधानिक तरीके से विरोध किया जाना चाहिए, परंतु जिस तरह का आवेग व प्रतिरोध के कौर ने जनप्रतिनिधि के प्रति दर्शाया, वह घोर निंदनीय है। साथ ही सुरक्षाबलों पर संदेह उपजाने वाला साबित हो सकता है।*

*गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा लाए कृषि कानूनों को लेकर 2020-2021 के दरम्यान किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया था। उस वक्त भी कंगना ने अपने ट्वीट पर विवाद होते ही, उसे डिलिट कर दिया था। मगर कौर के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने एकबार फिर समूचे पंजाब को आतंकवाद व उग्रवाद की तरफ बढ़ता बता कर, जल्दबाजी दिखा दी। यह सांप्रदायिक विभाजन की लकीर खींचने सरीखा है। देश के तमाम लोग सुरक्षाकर्मी के पक्ष में भी आ खड़े हुए। उन्होंने सोशल मीडिया में किसानों, पंजाबवासियों व आंदोलनकारियों की पक्षधरता में कोई संकोच नहीं किया। चूंकि अब कंगना मात्र फिल्मकार नहीं हैं, उन्हें जनता ने चुन कर संसद तक पहुंचाया है। इसलिए उनका हर बयान गंभीर व तथ्यपरक होना चाहिए। उनके साथ जो अभद्रता हुई, वह गलत है मगर समुदाय विशेष, राज्य या जाति पर बंटवांरा करके उसे गलत ठहराना उचित नहीं कहा जा सकता। जांच चालू है, शीघ्र ही उचित कार्रवाई का नतीजा सबके सामने होगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। आपका कही फंसा हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई में शिक्षको का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशिः**आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी- छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा। संतान संबंधी कोई महत्वपूर्ण कार्य आज संपन्न हो सकता है, आपको अच्छा लगेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रख-रखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी कोई योजना बना सकते है। आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियां बढ़ेगी। बच्चो के बेहतर करियर के लिए आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिस में कार्यों को पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा। बॉस आपसे प्रसन्न होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं कारगर साबित होंगी। आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न पड़ने दे। आज घर पर कोई मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप कोई कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे, इस पर माता के साथ विचार विमर्श कर सकते हैं।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें। आप अपनी पारिवारिक व व्यवसायिक जिम्मेदारियों को बखूबी अंजाम देंगे। आज आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। विद्यार्थियों का अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगा रहेगा। आज आपके रुके हुए कामों को पूरा करने का अच्छा समय है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका को प्रशासनिक कार्य पूरा हो जाएगा। आज नये बिजनेस की प्लानिंग करेंगे, जिसमे आपको ज्यादा लाभ मिलने वाला है। आप आज परिवार वालों के साथ खुशनुमा पल बिताएंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी कोई मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है। किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी। व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का अच्छा परिणाम सामने आएंगे। आज समाज में आपकी छवि निखरेगी। अगर आप जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन बना कर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मजबूत होंगे। माता जी के स्वास्थ्य में आज पहले से बेहतर सुधार आयेगा।

**कुंभ राशिः** आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, परंतु साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप आज कोई टेक्निकल वर्क सीख सकते हैं, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है।

# शिक्षा और कौशल विकास

//सतीश सिंह//

**मौजूदा समय में शिक्षा और कौशल विकास के बीच तालमेल नहीं दिख रहा है। शिक्षा के माध्यम से कौशल का विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। हमारे अकादमिक कल-कारखानों से लाखों की संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए आदि की भारी-भरकम डिग्रियां लेकर युवा निकल रहे हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश कौशलयुक्त एवं ज्ञानवान नहीं हैं। ऐसे लोग किसी भी कार्य को कुशलतापूर्वक अंजाम तक नहीं पहुंचा पाते, लेकिन होनहार के लिए रोजगार की कमी नहीं है।**

तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले, भले ही डिग्री एवं अंग्रेजी के मामले में पीछे होते हैं, लेकिन वे हर किस्म की मुश्किलों को आसानी से सुलझा सकते हैं क्योंकि किसी कार्य को करने के लिए डिग्री से ज्यादा कौशल की जरूरत होती है। कौशल को विकसित करके युवा बिना किसी डिग्री के भी हर कार्य कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। हमारे देश के स्कूल और कॉलेज के अध्यापकों का मानना है कि जो बच्चा लगातार हर परीक्षा में अव्वल आ रहा है, उसी को सिर्फ होनहार माना जा सकता है, जो छात्र इस कसौटी पर खरा नहीं उतर पाते हैं, उन्हें कमअक्ल माना जाता है।

इसमें दो मत नहीं हैं कि स्कूल-कॉलेजों में प्राप्त अच्छे अंक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं किंतु इसका मतलब कदापि नहीं है कि हम इसे मेधावी होने या न होने का प्रमाण मानें। किसी विषय में कम या ज्यादा अंक प्राप्त करने से किसी भी छात्र को मेघावी या कमअक्ल नहीं माना जा सकता। हर विषय में हर छात्र की रुचि का होना जरूरी नहीं है। महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन की रुचि केवल भौतिक विज्ञान में थी। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। लता मंगेशकर की भी गणित या विज्ञान में रुचि नहीं थी। सचिन तेंदुलकर या महेंद्र सिंह धोनी का अकादमिक रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है, लेकिन वे अपने क्षेत्र में महान हैं।

दरअसल, यहां फंडा 'जब जागा तभी सवेरा' वाला है। जिन छात्रों के अंदर जीवन में सफलता हासिल करने की जिजीविषा जागृत हो जाती है वे हर कक्षा में तृतीय या द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने के बावजूद आईएएस की परीक्षा में शीर्ष 20 या 50 में स्थान बनाने में सफल हो जाते हैं। बारहवीं फेल फिल्म में एक ऐसे ही युवा की कहानी फिल्माई गई है। फिल्म 'थ्री इडियट' में दिखाए गए दर्शन को भी हम नकार नहीं सकते। जरूरी नहीं कि हर बच्चा इंजीनियर या डॉक्टर बने।

दुनिया में करने के लिए इतने सारे क्षेत्र हैं कि आप किसी बच्चे को कमतर नहीं मान सकते। बस आपके दृष्टिकोण पर निर्भर करता है कि आप किसे होनहार मानते हैं। भारत में जो बच्चे कॉलेज तक लगातार अच्छे अंक लाकर नौकरी के लिए आवेदन करने लायक अर्हता अंक प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं, उन्हें ही जहीन माना जाता है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 2013 में पहली बार प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के अंकों को सार्वजनिक किया था, जिसमें 1004 अभ्यर्थी सफल हुए थे और शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी ने समग्र रूप 53 प्रतिशत अंक हासिल किए थे जबकि अंतिम पायदान पर सफल रहने वाले अभ्यर्थी ने लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। पूर्व में धारणा थी कि यूपीएससी की परीक्षा में 75 से 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही सफल होते हैं।

मामला यूपीएससी तक सीमित रहे तो बात समझ में आए। हालात तो इतने बदतर हैं कि बैंक या अन्य निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में कर्मचारियों की भर्ती हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी 100 तो छोड़िए 60 प्रतिशत अंक भी स्कोर नहीं कर पाते हैं। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल,आईटीआई एवं अन्य रोजगारपरक शिक्षा की शुरु आत जरूर की गई है, लेकिन इन पाठ्यक्रमों की सार्थकता नाममात्र की है, क्योंकि यहां से पढ़कर बाहर निकलने के बाद भी अधिकांश युवा कौशलहीन होते हैं, जबकि हुनरमंद युवा देश के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने में आगे रहते हैं। हुनरमंद बेरोजगार नहीं रहता।आसानी से अपने परिवार का भरण-पोषण कर लेता है। बढ़ई, लोहार, प्लंबर, बिजली मिस्त्री, राज मिस्त्री, वाहन की मरम्मत करने वाले कारीगर आदि कभी भूखे नहीं मरते। सरकार को कर भी देते हैं, और देश के अर्थ चक्र को गतिमान भी रखते हैं। अस्तु, आज सरकार को डिग्री बांटने की जगह युवाओं को हुनरमंद बनाने पर जोर देना चाहिए और योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि सभी के ज्ञान का स्तर एक समान नहीं होता पर निरंतर मेहनत सभी कर सकते हैं। मामले में अंकों की बाजीगरी की तह तक पहुंचने की भी आवश्यकता है। ऐसा होता है तो सरकार और लोग स्वतः कौशल विकास को प्राथमिकता देंगे।

# मिशन में असफल

//योगेश कुमार गोयल//

**अठारहवीं लोक सभा के लिए हुए चुनावों के जो परिणाम सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। न तो भाजपा स्वयं के 370 और न ही एनडीए के 400 पार के मिशन को पूरा करने में सफल हो पाई। हालांकि चुनाव परिणामों की घोषणा के दो ही दिन पहले जारी हुए तमाम एग्जिट पोल में एनडीए के 400 पार होने की संभावना जताई गई थी लेकिन हुआ इसका उलट यानी एनडीए 300 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया जबकि इंडिया गठबंधन अप्रत्याशित रूप से 230 से भी ज्यादा सीटें हासिल करते हुए मजबूत विपक्ष बनने में सफल हुआ है।**

भाजपा जहां 240 सीटों पर और एनडीए 291 सीटों पर सिमट गया, वहीं यह भी पूरी तरह स्पष्ट हुआ है कि इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जादू 2014 और 2019 की भांति नहीं चल सका। हालांकि भाजपा एक बार पुनः देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है लेकिन अपने बूते बहुमत के जादुई आंकड़े को छूने से काफी पीछे रह गई। उसके लिए चिंता की बात यह है कि 7 राज्यों तमिलनाडु, पंजाब, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड तथा 4 केंद्रशासित प्रदेशों पुडुचेरी, चंडीगढ़, लद्दाख और लक्षद्वीप में खाता खोलने में भी नाकाम रही। मोदी के नेतृत्व में केंद्र में उनके लगातार तीसरे कार्यकाल में यह पहली बार है, जब उन्हें स्थायी सरकार चलाने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा यानी 10 वर्षो बाद फिर से गठबंधन की अहमियत का दौर लौट आया है। जद (यू) और टीडीपी इस बार किंगमेकर की भूमिका में उभरे हैं।

हालांकि हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है और गुजरात में भी एक सीट छोड़कर बाकी सभी सीट उसकी झोली में गई हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश और प. बंगाल में पार्टी को जितना बड़ा झटका लगा है, उसका अनुमान संभवतः पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी नहीं था। हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और महाराष्ट्र में भी भाजपा को नुकसान हुआ है। हालांकि कर्नाटक में एनडीए का प्रदर्शन शानदार रहा और टीडीपी के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश में भी इसने विजय पताका लहराई, केरल की भी एक सीट जीतने में भाजपा सफल रही लेकिन दक्षिण भारत में भाजपा का वैसा जादू नहीं चला, जैसी पार्टी को उम्मीद थी।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने जिस तरह का दमदार प्रदर्शन करते हुए 99 सीटें जीतीं उससे कांग्रेस को निश्चित रूप से संजीवनी मिली है। कांग्रेस 2014 में केवल 44 और 2019 में 52 सीट ही जीत सकी थी। उस गिरते ग्राफ का ठीकरा राहुल गांधी पर फोड़ने के प्रयास हुए थे लेकिन 2024 के चुनाव में 99 सीटें जीतने के बाद गठबंधन में राहुल की स्वीकार्यता बढ़ने के साथ ही निश्चित रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी मजबूती मिलेगी।1984 में कांग्रेस को करीब 12.01 करोड़ वोट प्राप्त हुए थे, उसके बाद इस बार उसे अब तक के सबसे ज्यादा 13.6 करोड़ से भी अधिक मत प्राप्त हुए हैं तथा कांग्रेस धरातल पर मजबूती से खड़ी होने में सफल हो पाई है। हालांकि यह अलग बात है कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार भाजपा को 23.45 करोड़ से भी ज्यादा वोट मिले हैं, और कांग्रेस अभी भी उसके मुकाबले कहीं नहीं खड़ी है। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने करिश्माई जीत दर्ज की है।दरअसल, 2019 के चुनाव में सपा ने बसपा के साथ गठबंधन किया था और बसपा को 10 लेकिन सपा को 5 सीटें ही मिल सकी थीं। लोक सभा चुनाव में वोट शेयर के लिहाज सपा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1998 में था, जब उसे करीब 29 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि सीटों के दृष्टिगत उसका बेहतरीन प्रदर्शन 2004 में था, जब उसे 35 सीटों पर जीत मिली थी लेकिन 2024 के चुनाव में सपा 37 सीटें जीतने में सफल रही। जहां तक पूरे आत्मविश्वास के साथ 400 पार का नारा देने वाले एनडीए की हार के प्रमुख कारणों की बात है तो सबसे हैरानी बात तो यही है कि राम मंदिर जैसा आस्था और सनातन से जुड़ा बड़ा मुद्दा भी भाजपा के ज्यादा काम नहीं आया।

जनवरी महीने में ही अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की थी और चुनाव में इस मुद्दे को भुनाने के लिए भाजपा ने हरसंभव प्रसास भी किए थे लेकिन विपक्ष के बेरोजगारी, महंगाई और सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना जैसे मुद्दे इस पर कहीं ज्यादा हावी रहे। महंगाई का मुद्दा भी चुनाव के सातों चरणों के दौरान छाया रहा। हालांकि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 से 2024 तक के एनडीए सरकार के एक दशक के कार्यकाल में महंगाई बढ़ने की बजाय घटी है।

आंकड़ों के अनुसार 2013 में महंगाई दर 10.02 प्रतिशत थी, जो 2023 में घटकर महज 5.69 प्रतिशत रह गई थी लेकिन यह बात थी केवल सरकारी आंकड़ों की जबकि आम जन के दैनिक जीवन से जुड़ी जरूरतों के सामान की कीमतें पिछले पांच वर्षों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ी, जिससे खाने की थाली लगातार महंगी होती जा रही है और महंगाई का सीधा असर लोगों के जीवन निर्वाह पर पड़ रहा है। इस कारण भी मध्य वर्ग सरकार से नाराज था।

किसानों को हिन्दी पट्टी का कोर वोटर माना जाता है और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में किसानों की लगातार नाराजगी भी भाजपा पर भारी पड़ी। इसका असर राजस्थान, महाराष्ट्र और बिहार तक में भी पड़ा। भाजपा ने 2014 से अभी तक तीनों लोक सभा चुनाव नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर ही लड़े हैं। पहली बार 2014 के चुनाव में पार्टी अपने बूते 282 सीटें जीत कर अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुई थी।2019 में भी मोदी के ही चेहरे पर पार्टी ने रिकॉर्ड 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी लेकिन इस बार के चुनाव में वह 240 सीटों पर सिमट गई यानी 2014 के मुकाबले 42 सीटें और 2019 के मुकाबले 63 सीटें कम। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी ने 371784 मतों के बड़े अंतर से 'आप' के अरविंद केजरीवाल को पराजित किया था, वहीं 2019 के चुनाव में उन्होंने 479505 मतों के भारी अंतर से सपा की शालिनी यादव को हराया था। हालांकि इस बार भी वाराणसी से उन्होंने कांग्रेस के अजय राय को हराया है लेकिन उनकी जीत का अंतर घटकर 152513 ही रह गया है।ऐसे में चौंकाने वाले इस जनादेश ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब भाजपा का काम मोदी के चेहरे के भरोसे रहने से ही नहीं चलने वाला, बल्कि पार्टी और गठबंधन के निर्वाचित सांसदों को भविष्य में रिकॉर्ड जीत के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में काम भी बेहतर करना होगा।

# अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता हैं

अठाहरवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए। इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इंडिया गठबंधन ने ईवीएम और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं। कांग्रेस के लिये यह चुनाव नये जीवन का वाहक बना हैं। वैसे भी एक आदर्श लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष का होना जरूरी है, यही लोकतंत्र को खूबसूरती देता है।

भारतीय मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को विपक्षी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने का संदेश दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम अनेक राजनीतिक दलों के सामने भी अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। कौन जेल में रहेगा, इसका फैसला अदालतें करती हैं। परंतु दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चुनाव को अपने जेल के अंदर रहने या बाहर रहने का अधिकार मतदाताओं को सौंपा था, जिसका नतीजा यह रहा कि उनके शासित वाले दिल्ली में 'आप' का खाता तक नहीं खुला, तो वहीं उनकी पार्टी पंजाब में विधानसभा चुनाव-2022 का चमत्कार दोहराने में विफल हो गई और 13 में से केवल 3 सीटें ही जीत पाई। शरद पवार का राजनीतिक वारिस कौन और असली शिवसेना किसकी। क्या माया और ममता अब भी ताकतवर हैं। यह चुनाव ऐसे ही कई सवालों के साथ शुरू हुआ था। इनमें से कुछ के जवाब मिल गए हैं और कुछ के बाकी हैं। जिस तरह के नतीजे आए हैं, उससे यह संदेह भी पैदा हुआ है कि क्या देश में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे। क्या देश विकास के पथ पर अग्रसर होता रहेगा। नीतिगत स्थिरता का क्या होगा। शायद इसी संदेह की वजह से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। लेकिन नरेन्द्र मोदी के पहले भाजपा मुख्यालय में दिये उद्बोधन एवं गठबंधन दलों के साथ हुई बैठक में इन सवालों के जवाब काफी हद तक मिल गये, जिससे शेयर बाजार ने भी तेजी पकड़ी है एवं भाजपा एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।

## तस्वीरों की दुनिया



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में एडवोकेट हिम्मत सिंह को एचएसएससी के चेयरमैन के रूप में शपथ दिलाई।



समाजवादी पार्टी के प्रमुख और कन्नौज से नवनिर्वाचित सांसद अखिलेश यादव और आप नेता संजय सिंह लखनऊ में एक बैठक के दौरान।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा नई दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में भाग लेने के बाद निकलते हुए।



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आगमन पर सचिव (सीपीवी एवं ओआईए) मुक्तेश परदेशी द्वारा स्वागत किया गया।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात करते हुए।



बीआरएस नेता केटी रामा राव ने हैदराबाद में ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव को श्रद्धांजलि दी। रामोजी राव का आज सुबह हैदराबाद के स्टार अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया।

# आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे नरेंद्र मोदी, समारोह में कई देशों के प्रमुख करेंगे शिरकत



**नईदिल्ली, 09 जून [एजेंसी]।**

नरेन्द्र मोदी रविवार को यानी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसी के साथ वह जवाहरलाल नेहरू की भी बराबरी कर लेंगे जोकि लगातार तीन बार (1952, 1957 और 1962 का आम चुनाव जीतकर) पीएम बने थे। शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले समारोह में उनके साथ करीब चार दर्जन मंत्री शपथ लेंगे। इसके पहले शनिवार को सरकार में भागीदारी को लेकर राजग के सहयोगी दलों के बीच सामंजस्य बना लिया गया। किस दल को कितनी हिस्सेदारी मिलनी है और पहले चरण में किस-किस सांसद को मंत्रिपरिषद में जगह मिलेगी, इसका निर्णय कर लिया गया। भाजपा के बाद राजग के बड़े दलों में शुमार तेदेपा और जदयू से एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्य मंत्री शपथ लेंगे।पांच तक सांसदों वाली पार्टी से एक मंत्री बनेगा। नई सरकार के स्वरूप में सामाजिक समीकरण और देश के विकास की आकांक्षा का भरपूर ख्याल रखा गया है। सहयोगी दलों का सम्मान और समन्वय बनाए रखने के रास्ते तलाश लिए गए हैं। माना जा रहा है कि गृह, वित्त, रक्षा, विदेश के अलावा शिक्षा और संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा के पास रहेंगे। भाजपा से राजनाथ सिंह जैसे नेताओं को नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है, वहीं लोकसभा चुनाव जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, बासवराज बोम्मई, मनोहर लाल और सर्बानंद सोनोवाल भी मंत्रियों में शामिल होने के प्रबल दावेदार हैं।राजग में भाजपा के बाद तेदेपा, जदयू, शिवसेना और लोजपा (आर) चार बड़े दल हैं। तेदेपा और जदयू से दो-दो, शिवसेना एवं लोजपा (आर) से एक-एक सांसद को मंत्री पद मिलेगा। बिहार में जदयू एवं भाजपा की सीटें बराबर हैं। इसलिए मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या भी उसी अनुपात में होगी।सूत्रों का दावा है कि जदयू सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह एवं राज्यसभा सदस्य रामनाथ ठाकुर को मंत्रिमंडल में स्थान मिलना लगभग तय है। संजय झा एवं वाल्मीकि नगर के सांसद सुनील कुमार को भी मंत्री बनाया जा सकता है, लेकिन इनका नंबर बाद में आ सकता है। बिहार से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रमुख जीतनराम मांझी एवं लोजपा (आर) प्रमुख चिराग पासवान भी मंत्री बनेंगे। उन्हें कैबिनेट या फिर स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। आंध्र प्रदेश में भाजपा व तेलुगु देसम पार्टी (टीडीपी) की सहयोगी जनसेना पार्टी से भी एक मंत्री बनेगा।

आंध्र प्रदेश से भाजपा कोटे से दो सांसदों के मंत्री बनने की संभावना है। बिहार से भी भाजपा के दो सांसद भी मंत्री बनेंगे। रालोद को भी मंत्री पद मिल रहा है और उसके मुखिया जयन्त चौधरी को कैबिनेट में रखा जा रहा है। उधर, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शनिवार शाम को कहा कि उसके नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह के लिए अभी तक निमंत्रण नहीं मिला है, जबकि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने घोषणा की कि उनकी पार्टी इस समारोह में शामिल नहीं होगी। इस बीच शपथ ग्रहण समारोह के चलते नई दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और नौ व 10 जून को राष्ट्रीय राजधानी को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। समारोह में कई देशों के प्रमुख शिरकत करेंगे। सूचना है कि प्रधानमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के नामों के साथ-साथ मंत्रालयों की जिम्मेदारी भी लगभग तय कर दी है।

# इजरायल ने गाजा में 210 फलस्तीनी मारकर छुड़ाए चार बंधक, हमास ने भी मार गिराए नेतन्याहू के सैनिक



**यरूशलम, 09 जून [एजेंसी]।**

इजरायली सुरक्षा बलों ने शनिवार को गाजा के नुसीरत में कार्रवाई कर चार बंधकों को मुक्त करा लिया। इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में लड़ाकों समेत करीब 210 फलस्तीनी मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। हमास का दावा है कि इजरायली कार्रवाई में मरे लोगों में बड़ी संख्या आमजनों की है। जबकि इजरायली सेना का दावा है कि कार्रवाई में करीब 100 लोग मरे हैं। कार्रवाई में एक इजरायली सैनिक की भी मौत हुई है। मध्य गाजा के इस इलाके में लड़ाई जारी है। इजरायली सेना ने बताया है कि कार्रवाई में 25 वर्षीय नोआ आर्गमनी, 21 वर्षीय अल्माग मेयर जेन, 27 वर्षीय एंड्री कोजलोव और 40 वर्षीय शलोमी जीव मुक्त कराए गए हैं। इन सभी को सात अक्टूबर, 2023 को हमास लड़ाकों ने इजरायल से अगवा कर गाजा में बंधक बना रखा था। अभी भी 80 से ज्यादा इजरायली नागरिक फलस्तीनी लड़ाकों के बंधक बने हुए हैं। शनिवार सुबह यह कार्रवाई नुसीरत शरणार्थी क्षेत्र के मध्य में हुई। खुफिया सूचना के आधार पर दो स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुछ ही देर में चार बंधकों को मुक्त करा लिया गया और उन्हें तत्काल हेलीकाप्टर से मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया गया। मुक्त हुई नोआ ही वह लड़की है जिसे म्यूजिक फेस्टिवल से अपहृत किया गया था और वह जबरन बाइक पर बैठाए जाते समय बोल रही थी- डोंट किल मी। उसका यह वीडियो बहुत ज्यादा देखा गया था। मुक्ति के बाद नोआ की फोन से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात कराई गई। खुद को बेहद रोमांचित बताते हुए नोआ ने कहा कि वह लंबे समय के बाद हिब्रू भाषा में किसी से बात कर रही है।

इससे पहले फरवरी में इजरायली सेना की कार्रवाई में दो बंधकों को मुक्त कराया गया था। नुसीरत में कार्रवाई में मारे गए लगभग 100 लोगों के शव नजदीक के अल अक्सा अस्पताल में लाए गए हैं। एक सौ से ज्यादा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन्हें मिलाकर गाजा में युद्धकाल में मरने वाले फलस्तीनियों की कुल संख्या 36,801 हो गई है।इस बीच फलस्तीन प्राधिकार के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने नुसीरत में इजरायली बलों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए नरसंहार से पैदा स्थिति पर विचार के लिए अविलंब सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की मांग की है।

# लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करना कोई छोटी बात नहीं पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने मोदी को लेकर कही बड़ी बात



**अहमदाबाद।** पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि कभी कोई भी राजनीतिक दल जीत सकता है या हार सकता है, यह मुद्दा नहीं है। वंचितों के लिए काम करना हम सभी का मुख्य ध्येय होना चाहिए। नायडू ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में लोकप्रिय हैं। लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करना कोई छोटी बात नहीं है।उन्होंने कहा कि दुनिया ने भारत को पहचानना और सम्मान देना शुरू कर दिया है। ज्ञान और कड़े परिश्रम के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कई सीईओ भारतीय हैं। कहा कि हमारे समक्ष अभी भी कई चुनौतियां हैं। हम सभी को इन चुनौतियों का सामना मिलकर करना चाहिए। नायडू गुजरात स्थित आणंद के ग्रामीण प्रबंधन संस्थान के 43वें दीक्षा समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने शांतिपूर्वक मतदान किया। जनता जो बदलाव करना चाहती थी, उसे उसने बड़ी ही शांति से कर दिया।

### अब सूरत में कार ने लोगों में मारी टक्कर आठ साल के बच्चे सहित पिता-चाचा की मौत

**सूरत।** देश में एकाएक कार से टक्कर मारने और उसमें लोगों की मौत होने की घटनाएं बढ़ गई हैं। महाराष्ट्र के पुणे में कार एक्सीडेंट का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि शनिवार को गुजरात के बड़े शहर सूरत में भी भीषण कार दुर्घटना सामने आई है। दरअसल, सूरत शहर में एक कार ने सड़क किनारे बैठे लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। उत्राण पुलिस थाने के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे शहर के बाहरी रिंग रोड पर हुई।

# भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनीं अनामिका, 21 अधिकारी गोल्डन विंग्स से सम्मानित



**अरक्कोणम, 09 जून [एजेंसी]।**

सब-लेफ्टिनेंट अनामिका बी. राजीव ने नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रचा है। उन्होंने नौसेना की हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में शुक्रवार को स्नातक की उपाधि प्राप्त की। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के पहले कमीशन प्राप्त नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट जामयांग त्सेवांग ने भी हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। अरक्कोणम, तमिलनाडु में आईएनएस रजाली पर पासिंग आउट परेड आयोजित की गई थी। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा, पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने बेसिक हेलिकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स (बीएचसीसी) के तीन अधिकारियों सहित 21 अधिकारियों को गोल्डन विंग्स से सम्मानित किया। बेसिक कन्वर्जन कोर्स (बीसीसी) के तीन अधिकारियों ने पहले चरण का प्रशिक्षण पूरा किया। नौसेना के एयर स्क्वॉड्रन में 22 सप्ताह तक प्रशिक्षण के बाद इन पायलटों को डिग्री मिली है। फ्लाइंग में ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पाने वाले प्रशिक्षु पायलट के लिए एफओसीइनसी, पूर्वी नौसेना कमान रोलिंग ट्रॉफी से लेफ्टिनेंट गुरकीरत राजपूत को सम्मानित किया गया। सब लेफ्टिनेंट कुंटे मेमोरियल बुक पुरस्कार लेफ्टिनेंट नितिन शरण चतुर्वेदी को दिया गया।

समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान के लिए केरल गवर्नर रोलिंग ट्रॉफी से लेफ्टिनेंट दीपक गुप्ता को सम्मानित किया गया। पांच दशकों से अधिक समय में हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के साथ-साथ मित्र देशों के 849 पायलटों को प्रशिक्षित किया है।हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल आईएनएस राजली, अरक्कोणम में है। पायलटों को नौसेना की विभिन्न फ्रंट-लाइन परिचालन इकाइयों में नियुक्त किया जाएगा, जहां वे टोही, निगरानी, खोज और बचाव और समुद्री डकैती रोधी जैसे विविध मिशनों पर काम करेंगे। बीएचसीसी के जिन अधिकारियों ने पहले चरण का प्रशिक्षण पूरा किया है, उन्हें हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल में दूसरे चरण का प्रशिक्षण लेना होगा।

# ब्रिटेन में बढ़ रहा भारत से निवेश, इन राज्यों से जा रहा सबसे ज्यादा पैसा



**लंदन, 09 जून [एजेंसी]।**

ब्रिटेन में भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले राज्यों में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा है। इसके बाद कर्नाटक और दिल्ली का नंबर आता है। कन्फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्रीज और ब्रिटेन में भारत के उच्चायोग की संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।लंदन में इसी सप्ताह की शुरुआत में पेश की गई रिपोर्ट से पता चलता है कि 2023 के दौरान भारत से ब्रिटेन में किए गए कुल एफडीआई में महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों की 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रही है। इसके बाद 12 प्रतिशत के साथ कर्नाटक और 8.6 प्रतिशत के साथ दिल्ली हैं। शीर्ष-10 में अन्य राज्यों में 7.1 प्रतिशत के साथ गुजरात, 6.7 प्रतिशत के साथ तमिलनाडु, 6.5 प्रतिशत के साथ तेलंगाना, 5.9 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश, 4.5 प्रतिशत के साथ हरियाणा, 3.14 प्रतिशत के साथ बंगाल और 3.05 प्रतिशत के साथ केरल शामिल हैं। भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई में शीर्ष-10 राज्यों की 78 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है। हालांकि, रिपोर्ट में राशि के लिहाज से कुल एफडीआई की जानकारी नहीं दी गई है।

रिपोर्ट जारी करते हुए ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य की जटिलताओं को समझने और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य की समृद्धि के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षा को साकार करेंगे।रिपोर्ट के अनुसार भारत से सबसे ज्यादा एफपीआई पाने वाले क्षेत्रों में आईटी और साफ्टवेयर शामिल हैं। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि आज ब्रिटेन में परिचालन करने वाली भारतीय कंपनियों ने खुद को ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में एकीकृत कर लिया है। भारतीय कंपनियों ने लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों के उद्योगों में अपनी पहचान बना ली है।

# नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों पर आया सरकार का जवाब, मामले की नए सिरे से जांच के लिए गठित की कमेटी

**नईदिल्ली, 09 जून [एजेंसी]।**

मेडिकल में दाखिले से जुड़ी नीट (नेशनल एलिजविलिटी कम एंट्रेस एक्जाम) परीक्षा में गड़बड़ी के लग रहे आरोपों के तूल पकड़ने और उसे लेकर तेज हुई सियासत को थामने के लिए सरकार में मोर्चा संभाला है। शिक्षा मंत्रालय और सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिवों के साथ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक ने शनिवार को पूरे मामले पर नए सिरे से स्थिति स्पष्ट की और कहा कि नीट परीक्षा में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है।उन्होंने कहा कि विवाद सिर्फ छह केंद्रों के करीब 16 सौ छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने का है, जिन्हें यह मार्क्स परीक्षा में कम समय दिए जाने के एवज में दिए गए थे। ऐसे में पूरे मामले की नए सिरे से जांच के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी के गठित की गई है। जो एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट के बाद ही एनटीए उन्हें ग्रेस मार्क्स जारी रखने या फिर इन सभी छात्रों को फिर से परीक्षा देने जैसा विकल्प दे सकता है।नीट से जुड़े विवाद पर पत्रकारों से चर्चा में शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति और सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू के साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ( एनटीए ) के महानिदेशक सुबोध सिंह ने बताया कि इस विवाद का काउंसलिंग प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वह अपने तय समय पर होगी।इसके साथ ही एनटीए महानिदेशक ने नीट में एक साथ 67 छात्रों के 720 मे से 720 अंक पाने पर उठ रहे सवालों पर स्थिति साफ की और कहा कि इनमें से 44 छात्र तो फिजिक्स के एक सवाल के दो सही विकल्प होने के चलते बाद में सभी को उस सवाल के अंक दे दिए जाने और समय कम मिलने के चलते मिले ग्रेस मार्क्स के चलते पूरे अंक दिए गए। इस बीच जिन छह केंद्रों के छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए है, उनमें छत्तीसगढ़ के दो केंद्र बालोद व दंतेवाडा, हरियाणा का बहादुरगढ़, चंडीगढ़, मेघालय और गुजरात के सूरत के एक-एक केंद्र शामिल है। इन केंद्रों पर गलत प्रश्नपत्र वितरित होने से छात्रों को बाद दूसरा प्रश्न पत्र दिया गया। इसके चलते उन्हें परीक्षा में कम समय मिल पाया। एनटीए डीजी ने बताया कि छात्रों ने परीक्षा खत्म होने के बाद इसकी शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद इसकी जांच की गई और पाया गया कि उनकी शिकायत सही है। ऐसे में छात्रों को हुए इस नुकसान की भरपाई के लिए कमेटी गठित की गई थी,




जिसने हाईकोर्ट के पूर्व के फैसले के आधार पर ग्रेस मार्क्स से इस नुकसान की भरपाई करने का सुझाव दिया। बाद में एक तय मानक के तहत इन सभी करीब 16 सौ छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए।

इसके चलते ही कुछ छात्रों के नंबर 718 और 719 भी मिले थे। हालांकि एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने के न्यूनतम और अधिकतम अंक की जानकारी से जुड़े सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया। गौरतलब है कि नीट परीक्षा का परिणाम चार जून को ही लोकसभा चुनाव के नतीजों के दिन ही कर दिया गया था।

एनटीए ने इसका भी जवाब दिया और कहा कि वह काफी पहले ही नीट परीक्षा परिमाण घोषित करने की तारीखों की ऐलान कर चुके थे। ऐसे में उन्हें तय सयम पर ही घोषित करना ठीक समझा। देरी करने का कोई आधार नहीं था। नीट-यूजी -2024 में शामिल होने के लिए वैसे तो कुल 24 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन इनमें से 23 लाख छात्रों ने परीक्षा दी। देश के 571 शहरों और देश के बाहर के 14 शहरों के 4750 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 13 लाख से अधिक छात्रों ने पात्रता हासिल की है। एनटीए ने सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया था।

# गुजरात में अधिकारियों और कर्मचारियों के किस्तों में रिश्वत मांगने के मामले की जांच तेज

**अहमदाबाद।** गुजरात में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किस्तों में रिश्वत देने की सुविधा देने के मामले की जांच तेज हो गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वतखोरों को पकड़ने के लिए 900 शिकायतकर्ताओं के घर जाकर संपर्क किया है। पुलिस ने शिकायतकर्ताओं को पर्याप्त सुरक्षा व किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए यह अभियान चलाया है। एसीबी ने शिकायतों के प्रभावी ढंग से निपटारे के लिए गत 26 जनवरी को केयर कार्यक्रम शुरू किया था। इसके तहत एसीबी अधिकारी शिकायतकर्ताओं के निवास या कार्यस्थल पर जाकर व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं।अब तक 900 से अधिक शिकायतकर्ताओं से संपर्क किया जा चुका है। एसीबी की ओर से इस वर्ष अब तक रिश्वतखोरी के कुल 104 मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही सरकारी कर्मचारियों से जुड़े आय से अधिक संपत्ति के 10 मामले भी पकड़े गए हैं। रिश्वतखोरी को रोकने के लिए एसीबी की हर एक इकाई के सहायक निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

# अभी भी हिंसा में झुलस रहा मणिपुर! उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों समेत 70 घर फूंके

**इंफाल, 09 जून [एजेंसी]।**

मणिपुर के जिरीबाम जिले में उग्रवादियों ने शनिवार को एक समुदाय के 70 से अधिक घर जला दिए। उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के कार्यालय में भी आग लगा दी। हिंसा के बाद जिरीबाम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) का तबादला कर दिया गया है।अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए 70 से अधिक राज्य पुलिस कमांडो की टुकड़ी को इंफाल से जिरीबाम भेजा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि लगभग मैतेयी समुदाय के 239 लोगों को शुक्रवार को जिले के खेल परिसर में बनाए गए राहत शिविर में ले जाया गया है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक उग्रवादियों ने लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक घरों को आग लगा दी। शनिवार सुबह उग्रवादियों ने जिरीमुख और चोटो बेकरा की पुलिस चौकियों और वन विभाग के गोआखाल कार्यालय में भी



आगजनी। आगजनी के कुछ घंटों बाद राज्य सरकार ने जिरीबाम के एसपी ए. घनश्याम शर्मा को मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक के पद पर तबादला कर दिया। एम. प्रदीप सिंह जो पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्यरत थे, जिरीबाम जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालेंगे। उग्रवादियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के बाद हिंसा भड़की है।

गुरुवार रात जिरीबाम में सोइबाम सरतकुमार सिंह का शव मिला था। शव पर जख्म के कई निशान थे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। जिरीबाम और आसपास के तामेंगलोंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।इस बीच भीतरी मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने कहा, राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन की रक्षा करने का आग्रह किया है। पिछले वर्ष मई से मणिपुर हिंसा से झुलस रहा है, लेकिन जिरीबाम अब तक जातीय संघर्ष से अप्रभावित रहा था। मणिपुर में मैतेयी और कुकी लोगों के बीच जातीय संघर्ष के कारण 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

# 12 जून को सीएम पद की शपथ लेंगे चंद्रबाबू नायडू, पीएम मोदी भी होंगे शामिल

**नईदिल्ली, 09 जून [एजेंसी]।**

9 जून, रविवार को शाम 7 बजकर 15 मिनट पर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह के बाद अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद नए मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी भी शामिल होंगे। 12 तारीख को आंध्र प्रदेश में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तेलुगु देशम पार्टी के सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू के आधिकारी सीएमओ सोशल मीडिया पेज ने इसकी जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि आंध्र प्रदेश में शपथ ग्रहण समारोह 12 जून को सुबह 9 बजकर 27 मिनट पर होगा। यह शपथ ग्रहण समारोह कृष्णा डिस्ट्रिक्ट में केसरापल्ली आईटी पार्क, गणनावरम में आयोजित किया जाएगा।



# रामानुजंगज से गढ़वा एनएच बनाने के लिए भारत सरकार की अनुमति प्रतीक्षित



**रामानुजंगज।** छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ने वाली अंबिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग नवनिर्माण की राह अब आसान होती दिख रही है। डबल इंजन की सरकार का असर है कि सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी को सड़क नवनिर्माण की सारी बाधाओं को दूर करने नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वन भूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव में व्याप्त कमियों को दूर करने संबंधित रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्रस्तुत कर दी गई है। वन्य प्राणी खासकर हाथियों के लिए पांच अंडरपास निर्माण का स्थल चयन संबंधित प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि केंद्र सरकार की ओर से वन भूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जाएगी। इस प्रस्ताव के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा सड़क नवनिर्माण के लिए ठेका कंपनी को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। निविदा की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

ठेका कंपनियों से अनुबंध भी किया गया है। मालूम हो कि लगभग 597 करोड़ की इस बड़ी योजना की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने दो चरण में होने वाले कार्य के लिए निविदा पूरी कर ली है लेकिन सड़क नवनिर्माण के लिए वन विभाग से अनुमति नहीं मिल पाने के कारण ठेका कंपनी को नवनिर्माण के लिए सड़क को हस्तांतरित नही किया गया है।सड़क का ज्यादातर हिस्सा वन क्षेत्र में पड़ता है। वनक्षेत्र से होकर गुजरी सड़क नवीनीकरण का कार्य नहीं होने से आवागमन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन अब शीघ्र ही काम शुरू होने की संभावना है। अंबिकापुर रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर वन भूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव को लेकर कुछ कमियां निकाली गई थी इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्ग तथा वन का अलग-अलग सीमा निर्धारित कर प्रस्ताव प्रेषित करने कहा गया था। जंगल से सड़क की कितनी दूरी है इस संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी गई थी। इसके अलावा वन्य प्राणियों खासकर जंगली हाथियों के सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने को लेकर विभागीय कार्य योजना को लेकर भी जानकारी मांगी गई थी। दोनों जानकारियां भेज दी गई हैं । पहले हाथियों के लिए तीन अंडर पास का प्रस्ताव था जिसे बढ़ाकर पांच किया गया है। खबर है कि राज्य सरकार की ओर से बीते 22 मई को ही केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेज दी गई है जिसमें फॉरेस्ट क्लीयरेंस का आग्रह किया गया है। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के लिए लगभग 597 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। दो वर्ष बीत चुके हैं। इस राशि से अंबिकापुर से रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग पर बड़कीमहरी से रामानुजगंज खंड में 199.5 करोड़ रुपये की लागत से 29.43 किमी सड़क के उन्नयन और अंबिकापुर से रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग पर रजपुरीखुर्द पाढ़ी खंड में 397.44 करोड़ रुपये की लागत से 49 किमी सड़क निर्माण का कार्य किया जाना है। निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा सड़क नवनिर्माण कार्य को लेकर जितनी भी जानकारियां मांगी गई थी उसे प्रेषित कर दी गई है।ये सारे प्रोजेक्ट लगभग 1000 करोड़ के हैं। मनेन्द्रगढ़ मार्ग पर संजयनगर से रजपुरी खुर्द तक 13 किमी के बाइपास सड़क के लिए केंद्र सरकार द्वारा 143.94 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृत राशि से पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन सड़क का निर्माण किया जाना है। बाइपास सड़क मनेन्द्रगढ़ रोड में टाटा मोटर्स के समीप से किया जाएगा, जो राजपुर रोड में रजपुरी खुर्द में जाकर निकलेगी। इस सड़क के निर्माण से भारी वाहनों का शहर में प्रवेश नहीं होगा। इस बाइपास से कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग सीधे अंबिकापुर-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। अंबिकापुर - पत्थलगांव राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीतापुर और पत्थलगांव में भी बाईपास निर्माण का प्रस्ताव है। यहां भी निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है अति शीघ्र काम आरंभ होने की संभावना है। अंबिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए दो चरण में काम होना है। वन क्षेत्र से होकर सड़क के गुजरने के कारण अनुमति जरूरी है। पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव पर कुछ कमियां बताई गई थी, उन कमियों को दूर करने , हाथियों के लिए अंडर पास निर्माण जैसे प्रस्ताव भेज दिए गए हैं।अनुमति मिलते ही ठेका कंपनी को सड़क हस्तांतरित कर दिया जाएगा। शीघ्र कार्य आरंभ होने की संभावना है क्योंकि ठेका कंपनी से पहले ही अनुबंध किया जा चुका है।

## टांगी के वार से घायल ग्रामीण की मौत, आरोपित गिरफ्तार



**सूरजपुर।** प्रेमनगर इलाके के सलका गांव में पखवाड़े भर मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने के मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर प्रेमनगर पुलिस ने आरोपित बुधमान सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना उमेश्वरपुर चौकी के ग्राम सलका की है। बताया गया कि 22 मई को सलका टीन टिपरिया पारा के धनेश्वर साय पिता जगदेव सिंह गोंड़ 33 वर्ष ने मुड़ापारा सलका निवासी बुधमान सिंह गोंड़ की बहन भगतीन से कहा कि तुम अपनी लड़की की शादी सिलफिली में क्यों कर दी हो। इसी बात से नाराज बुधमान सिंह पिता स्वर्गीय ननकू सिंह गोंड़ ने गाली गलौज करते हुए टांगी से धनेश्वर सिंह के सिर और पीठ में प्राण घातक हमला कर दिया। हमले के बाद उसने सरपंच के साथ खून से लथपथ धनेश्वर को अंबिकापुर ले जाकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। वहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। रायपुर मेकाहारा में इलाज करा कर उसे वापस अंबिकापुर लाकर मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान दो जून को उसकी मौत हो गई। मामले में सलका उमेश्वरपुर चौकी में आरोपित बुधमान सिंह पिता स्वर्गीय ननकू राम 48 वर्ष के विरुद्ध धारा 302 के तहत हत्या का अपराध कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिक्षा में सूरजपुर जेल भेज दिया गया।

## आंधी से घर पर गिरा पेड़, बच गए लोग

**ओड़गी।** ओड़गी ब्लाक के ग्राम पंचायत आनंदपुर में आंधी के कारण कई घरों के छप्पर उड़ गए। एक बड़ा पेड़ घर पर ही गिर गया। घर के साथ-साथ बिजली का खंभा व तार भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए।आनंदपुर गांव के रामकिसुन यादव का घर क्षतिग्रस्त हो गया। पूरा परिवार घर में सो रहा था तभी तेज आंधी आई और बिजली खंभा, तार,पेड़ सहित मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। गांव के रामकिशुन यादव, बबई के घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके पहले भी ओड़गी क्षेत्र के कई गांव में आंधी बारिश से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

## नर्सिंग स्टाफ गायब, अस्पताल के फर्श पर हुआ महिला का प्रसव

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल होती जा रही है। चिकित्सक,कर्मचारियों की पदस्थापना के बाद भी मरीजों के साथ अन्याय किया जा रहा है।ताजा मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवानगर का है। यहां एक गर्भवती महिला का प्रसव मितानिनों व महिला के स्वजन ने अस्पताल के फर्श पर घर से लाए कपड़ों में करवाया।

इसका कारण था कि अस्पताल में न तो चिकित्सक थे और न ही स्वास्थ्य कर्मचारी। अस्पताल प्रबंधन से जुड़े लोगों से फोन पर संपर्क भी किया गया लेकिन एक घण्टे बाद तक न तो चिकित्सक पहुंचे और न ही नर्सिंग स्टाफ। इसी बीच किसी ने लापरवाही को उजागर करती बदहाल व्यवस्था का अपने मोबाइल पर वीडियो बना इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया लेकिन इस बात का ध्यान नहीं रखा कि वीडियो से महिला सम्मान व स्वाभिमान को आघात पहुंच रहा हैं। इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग अपनी नाकामी छिपाने बहानेबाजी कर रहा है। ग्राम नवानगर की मितानिन राजकुमारी सिंह शनिवार सुबह नौ बजे संस्थागत प्रसव



के लिए गर्भवती महिला को लेकर नवानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। अस्पताल खुला था लेकिन न तो चिकित्सक थे और न ही नर्सिंग स्टाफ। तत्काल मोबाइल से चिकित्सक व नर्सों से संपर्क किया गया। सूचना के बाद भी कोई नहीं पहुंचा। लगभग आधे घण्टे तक प्रसव पीड़ा से कराहती महिला ने फर्श पर घर से लाए कपड़ों में ही बच्चे को जन्म दिया। सामान्य प्रसव के बाद कुछ जटिल परिस्थिति बन गई थी। इससे जच्चा-बच्चा दोनों को खतरा था। मितानिन व स्वजन ने ही इस कठिन परिस्थिति को संभाला। एक घण्टे से भी अधिक का समय बीत गया था लेकिन कोई नहीं पहुंचा। शासकीय अस्पताल में व्याप्त इस भर्राशाही से स्वजन और मितानिन व्यथित थे। एक मितानिन ,अस्पताल के किसी चिकित्सक से मोबाइल पर बात कर अस्पताल आने की गुहार लगा रही थी, इसी दौरान किसी ने वीडियो बना लिया। एक वीडियो प्रसारित करने लायक नहीं था लेकिन उच्चाधिकारियों के समक्ष बतौर प्रमाण रखने इसे भी प्रसारित कर दिया गया। इस वीडियो में सभी कमरों में खाली कुर्सियां नजर आ रही हैं। नवानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आया वीडियो सरगुजांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को बयां कर रहा है। इस अस्पताल में चिकित्सकों के अलावा सभी कर्मचारियों को मिलाकर एक दर्जन से अधिक लोग पदस्थ हैं लेकिन समय पर किसी के अस्पताल नहीं पहुंचने से स्वेच्छाचारिता उजागर हो रही है। शासकीय अस्पतालों में ओपीडी के समय भी चिकित्सकों का नहीं रहना गंभीर विषय है। सबसे बड़ी बात है कि लापरवाही और समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के बजाय उच्चाधिकारी बचाव में लगे हुए हैं। नवानगर के ग्रामीणों का आरोप है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक, कर्णचरियो की पर्याप्त पदस्थापना है लेकिन समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने की शिकायत आम है इसलिए विवश होकर यहां की बदहाल व्यवस्था को सामने लाने का प्रयास किया गया है ताकि अधिकारी इस वीडियो को देखकर व्यवस्था में सुधार लाने की पहल करें।

मितानिन राजकुमारी सिंह का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। ऐसी घटना अक्सर होती है। मरीजों के प्रति यहां के चिकित्सक कर्मचारी संवेदनशील नहीं हैं।

## हितग्राही को मिला चेक बाउंस, राशि देने की मांग

**भैयाथान।** ग्राम सांवारांवा, परसिया के चार मजदूरों को श्रमिक पुनर्वास योजना अंतर्गत दिया गया बीस हजार रुपये का चेक बाउंस हो गया जिसके कारण मजदूरों को चार महीने में भी सहायता राशि नही मिल सकी। फिलहाल बाउंस हुए चेक को श्रम विभाग ने अपने कार्यालय में जमा करा लिया है और मजदूरों के खातों में आरटीजीएस करने की बात कह रही है लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी उन्हें राशि नही मिल सका है। मजदूरों ने प्रशासन से अविलंब राशि दिलाने की मांग की है।

गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के ग्राम सांवारांवा,परसिया,बसकर के मजदूरों को महाराष्ट्र में बंधक बना लिया था। इनमे से बसकर निवासी मजदूर अरविंद भागकर किसी तरह वापस आया जो पूरी घटना की जानकारी दी।कलेक्टर रोहित व्यास ने तत्काल थाणे के कलेक्टर से बात कर श्रम विभाग के टीम को लगाकर महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों को सकुशल घर वापसी कराई।जिसके बाद श्रमिक पुनर्वास योजना अंतर्गत चारों मजदूरों को लगभग चार माह पूर्व ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित शासकीय कार्यक्रम में श्रम विभाग ने उन चारों मजदूरों को बीस - बीस हजार रुपये का चेक कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के हाथो प्रदान कराया लेकिन चार महीने बीत जाने के बावजूद भी उन्हें उक्त मदद राशि नही मिल सकी है।मजदूर मनबोध,बादल सिंह, इंद्रपाल सिंह बताते हैं कि चेक मिलने के दूसरे ही दिन बैंक में चेक जमा कर दिए लेकिन खाते में राशि नही होने के कारण चेक से राशि प्राप्त नहीं हो सका। बैंक से घर आना - जाना करने में तीन महीने बीत गए आखिरकार जिला श्रम कार्यालय जाकर पूरे परेशानी की जानकारी दी जिसके बाद चेक जमा करा लिए और खाते में राशि जमा कराने की बात कही लेकिन लगभग एक माह बीतने को है परंतु खाते में राशि नही आ पाई है। महाराष्ट्र में काम करने कुल पांच मजदूर गए थे जिसमें से एक मजदूर बसकर निवासी अरविंद भी था जो वहां से भाग कर किसी तरह आ गया था जो पूरे घटनाक्रम की जानकारी अन्य चार मजदूरों के स्वजन को दिया था लेकिन उसे विभाग श्रमिक पुनर्वास योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि या चेक आज तक नही दिया, जिससे वह मजदूर परेशान है। उसने प्रशासन से मदद राशि दिये जाने की मांग की है। मजदूरों के खाते का केवाईसी नही हुआ है जिसके कारण उनको राशि नही मिल पाया। मजदूरों के परेशानी को देखते हुए चेक जमा करा लिया गया है। सोमवार को उनके खाते में राशि आरटीजीएस कर दी जाएगी।

## लटोरी क्षेत्र में करंट से हाथी की मौत पर सीएसईबी पर जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** चार दिन पूर्व लटोरी क्षेत्र के अखोराकला गांव के गन्ना खेत में एक हाथी की करंट की चपेट में आने से मौत होने के मामले में वन अमले ने विद्युत विभाग के खिलाफ पीओआर दर्ज कर लिया हैं। यहां एक विद्युत खंभा के धराशायी होने से हाथी करंट की चपेट में आया था। उक्त खंभे को लगाने के दौरान नीचे कांक्रीट नहीं किया गया था।



बता दें कि सुरजपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत अखोराकला गांव की बस्ती के बाहर प्रयाग यादव के गन्ना खेत मे ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह एक हाथी को मृत पड़ा देखा था। वही ग्रामीणों ने यह भी देखा कि कल्याणपुर फीडर से अखोराकला की ओर गुजरी 11 केवी विद्युत लाइन का एक खंभा क्षतिग्रस्त होकर झूला हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक माह भर से हाथियों की इलाके में आवाजाही हो रही है। उन्होंने बताया था कि समीप ही जंगल मे दो सप्ताह से दो हाथी डेरा डाले हुए है और वे मक्का व गन्ना खेतों में अपनी भूख मिटाने पहुंचते है। ग्रामीणों की माने तो सोमवार की देर रात गन्ना खेत में दोनों हाथियों के बीच जमकर द्वंद हुआ। इस दौरान एक हाथी की टक्कर से 11 केवी विद्युत लाइन का बिजलीं खंभा धराशायी हो गया था। इससे दूसरा हाथी हाई वोल्ट विजली करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। उसके बाद दूसरे हाथी ने वही समीप स्थित जंगल मे डेरा डाल रखा है। जांच के दौरान पाया गया कि विद्युत मंडल द्वारा विद्युत लाइन विस्तार के दौरान गाड़े गए विद्युत खंभे को मजबूती प्रदान करने क्रांकीट नही किया गया था। यही वजह है कि मामूली टक्कर में विद्युत खंभा धराशायी हो गया और बिजली करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। उसके बाद वन विभाग में विद्युत विभाग के खिलाफ पीओआर दर्ज कर संबंधित प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया है।

## तीन दिन का उर्स, पुलिस ने की सुरक्षा व्यवस्था

**कोरिया बैकुंठपुर।** सोनहत थाना क्षेत्र के अंतर्गत 9 जून से 11 जून 2024 तक ग्राम सोनहत स्थित हजरत बाबा भोलन शाह वली र.आ. मजार कमेटी के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय उर्स कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड सोनहत में किया जा रहा है जिसके मद्देनजर कार्यक्रम को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न कराने हेतु कोरिया पुलिस द्वारा सुदृढ़ व्यवस्था लगाई गई है।

पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया श्रीमती मोनिका ठाकुर को बनाया गया है। उनके सहायतार्थ उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर, श्याम मधुकर, नेलशन कुजूर, राजेश साहू एवं जे. पी. भारतेन्दु इत्यादि वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारियों को रखा गया है। उपरोक्त सुरक्षा व्यवस्था को तीन जोन में बांटा गया है। जिसमे जोन 1 को दरगाह व्यवस्था एवं संदल/चादर व्यवस्था, जोन 2 को कव्वाली कार्यक्रम स्थल स्टेडियम ग्राउंड एवं जोन 3 को यातायात/पार्किंग/ड्राप गेट/बैरियर व्यवस्था को बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तीनो जोन के अंतर्गत विभिन्न स्थानो पर पुलिस अधिकारियो / कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है। इसी प्रकार कार्यक्रम स्थल स्टेडियम ग्राउंड में भी मंच के पास, व्ही.आई.पी. सेक्टर, पब्लिक सेक्टर महिला एवं पुरुष, मेला स्थल जैसे स्थानों पर भी सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इसी प्रकार यातायात, पार्किंग, ड्राप गेट एवं बैरियर व्यवस्था में भी सुरक्षा जवानो



को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त थाना सोनहत में QRT एवं रिज़र्व बल को भी तैनात रहने हेतु निर्देशित किया गया है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इस हेतु कोरिया पुलिस द्वारा मजार के पास एवं कव्वाली स्थल के पास कुल 02 स्थानों पर सहायता केंद्र स्थापित किये गए है। एसपी कोरिया ने निर्देश दिए है कि मस्जिदों, ईदगाहों एवं नमाज पढ़ने के विशेष स्थानों पर किसी प्रकार की अशांति न हो इसका भी ध्यान रखा जावे। साम्प्रादायिक, असामाजिक एवं रूढ़िवादी तत्वों पर सूक्ष्म निगाह रखी जावे एवं महिलाओं के साथ कोई अभद्र व्यवहार न हो इसका पूर्ण ध्यान रखा जाये। आयोजनों के दौरान होने वाली भीड़ का आंकलन कर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, धार्मिक/साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने वाले नारेबाजी पर अंकुश रखने एवं लोगों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि सोनहत के अतिरिक्त बैकुंठपुर में हजरत बाबा आतिश शाह वली रहमतुल्ला अलैह सलाना उर्स के अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मूसलेमीन कमेटी बैकुंठपुर के द्वारा पैलेस के सामने बाजार ग्राउंड में दिनांक 07 जून एवं 08 जून 2024 दो दिवसीय उर्स कार्यक्रम के लिए भी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुदृढ़ क़ानून व्यवस्था, यातायात बंदोबस्त एवं सुरक्षा प्रबंध कर तीन जोन में सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। दोनों कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए इस हेतु कोरिया पुलिस प्रतिबद्ध है, जिस हेतु पुलिस अधिकारियो / कर्मचारियों को ड्यूटी में तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में कलेक्ट्रेट में एसपी कलेक्टर और सोनहत में एडिशनल एसपी एडीएम ने पहले ही शांति समिति आयोजन समिति की संयुक्त बैठक ले ली है।

## बदले की आग, सर्प का सिर चबाया युवक ने

**प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के भेड़िया गांव से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां सांप के काटने पर युवक ने भी सांप के सिर का हिस्सा चबा लिया। थोड़ी देर बाद ही युवक की मौत हो गई। युवक ने उस भ्रांति के कारण ऐसा किया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में यह प्रचारित किया जाता है कि यदि सांप काट ले तो उसे पकड़कर काट लिया जाए तो सांप के जहर का असर नहीं होता। प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम भेड़िया निवासी कोमा नेताम (32) रात को घर के अंदर सो रहा था। गर्मी के कारण वह देर रात घर के आंगन में चटाई बिछाकर सो गया। अचानक उसके चीखने की आवाज सुनकर जब घर वाले वहां पहुंचे तो देखा कि मृतक के पास एक करैत सांप पड़ा था। उसका सिर का हिस्सा गायब था। स्वजन भी अचरज में पड़ गए। युवक ने बताया कि सांप ने उसे काट लिया था इसलिए उसने भी सांप के सिर के हिस्से को चबा लिया। युवक को जिस जगह पर सांप ने काटा था, उस जगह पर उसने ब्लेड से चीरा लगाकर खून निकालने की कोशिश भी की थी ताकि शरीर में जहर न फैल सके। इसके पहले की उसे अस्पताल पहुंचाया जाता, घर पर ही उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान भी स्वजन मृत सर्प को लेकर पहुंचे थे। गर्मी और शुरुआती बारिश में उत्तर छत्तीसगढ़ में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है। खासकर जमीन पर सोने वाले लोग सर्पदंश के शिकार ज्यादा होते हैं।

## नये शिक्षा सत्र से पहले सैकड़ों स्कूलों का सुधार बना चुनौतीपूर्ण

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज जिले के 1352 स्कूलों के मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत करीब 250 करोड रुपए से अप्रैल 2023 के काम प्रारंभ हुए वहीं उसी वर्ष साला प्रवेश उत्सव से पहले ही काम पूरा करने के निर्देश दिए गए थे परंतु काम पूरा नहीं हो पाया था वही यहां तक की इस वर्ष 18 जून से स्कूल प्रारंभ होंगे वहीं अब तक 862 स्कूलों के मरम्मत का काम पूरा हो गया है वही 492 स्कूलों का मरम्मत कार्य अभी भी अधूरा है। स्कूल छात्र-छात्रा अभी भी जर्जर स्कूल में पढ़ने को मजबूर होंगे।

बलरामपुर, रामचंद्रपुर, कुसमी, शंकरगढ़, राजपुर, वाड्रफनगर विकासखंड के जर्जर स्कूलों के मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत कार्य एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रामानुजगंज एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर को बनाया। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूल मरम्मत का कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रामानुजगंज एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर के द्वारा ठेकेदारो के माध्यम से कराया जा रहा है। पूरे जिले में 1352 स्कूलों के मरम्मत के कार्य करीब ढाई सौ करोड रुपए लागत से स्वीकृत हुए थे। कार्यों की स्वीकृति अप्रैल 2023 में ही मिल गई थी। कुछ कार्यों की स्वीकृति पहले मिली थी एवं कुछ कार्यों की स्वीकृति बाद में मिली। जिन कार्यों के स्वीकृति मिल गई थी उन्हें 2023 में ही साला प्रवेश उत्सव के पूर्व पूर्ण किए जाने थे परंतु कार्य पूर्ण नही हुवे थे वही इस वर्ष भी साला प्रवेश उत्सव के पूर्व पूर्ण नहीं हो पाएंगे अभी भी 492 स्कूलों के मरम्मत के कार्य पूर्ण नहीं हो सके हैं। राज्य शासन के द्वारा स्कूलों के जर्जर स्थिति को देखते हुए पिछले वर्ष की बरसात के पूर्व कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए थे ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित बरसात में भी नहीं हो एवं वे सुरक्षित रूप से पढ़ाई कर सके परंतु अभी भी कई स्कूल ऐसे जर्जर है जो बरसात के समय में परेशानी पैदा करेंगे बहुत से स्कूलों के सिपेज के कारण बैठना मुश्किल होता है वही नीचे का फर्श भी कई स्कूलों का टूट गया है ऐसे में बरसात परेशानी पैदा होगा। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला स्कूल में टाइल्स,पुटी, पैंट एवं छत का सीपेज होने पर ढलाई, दरवाजा, खिड़की मरम्मत स्कूलों के सामने चबूतरा यदि टूटा है तो उसकी मरम्मत करने का कार्य करना था। माध्यमिक शाला के लिए 4 लाख 80 हजार रुपए एवं प्राथमिक शाला के लिए 3 लाख 50 हजार रुपए का प्रावधान किया गया था। वही हाई स्कूल के लिए ?6 लाख का प्रावधान किया गया था जिसमें हाई स्कूल के नीचे के तल पर टाइल्स एवं पुताई का कार्य होना था।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रामानुजगंज एवं ग्रामीण यांत्रिकी की सेवा संभाग बलरामपुर के द्वारा कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर में कार्य करीब पूर्णता की ओर है वही ग्रामीण यंत्रोकी की सेवा संभाग रामानुजगंज में 481 कार्य अभी भी अपूर्ण है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत ठेकेदारों के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा कार्य कराया जा रहा है कई ठेकेदारों ने बताया कि आवंटन के अभाव के कारण हम लोगों के द्वारा कार्य धीरे किया जा रहा है आवंटन जैसे ही प्राप्त होगा तेजी से कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर डीएन मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को समय बैठक में कलेक्टर के द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को समय सीमा में कार्य होने के निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं कार्य की हमेशा समीक्षा हो रही है 15 दिन के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर के कार्यपालन अभियंता सच्चिदानंद कांत ने कहा कि संभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्य करीब पूर्णता की ओर है जो कार्य अधूरे हैं उन्हें भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रामानुजगंज के कार्यपालन अभियंता बसिल कुमार मिंज ने कहा कि जो कार्य अधूरे हैं उन्हें तेजी से पूर्ण कराए जाएंगे। कलेक्टर आर एक्का ने कहा कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को तेजी से कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं प्रयास है कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण हो जाए।

## सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## सूने आवास का ताला तोड़ डेढ़ लाख की चोरी

**बिश्रामपुर।** चोरों ने एसईसीएल की जेएमक्यू कालोनी स्थित कालरी कर्मी के सूने आवास में ताला तोड़कर डेढ़ लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बिश्रामपुर पुलिस चोरी का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों ने घर से स्कूटी व लैपटाप पार कर दिया। एसईसीएल की स्थानीय जेएमक्यू कालोनी का आवास क्रमांक 66 बलरामपुर खदान में पदस्थ पंप खलासी अभय यादव को आबंटित है। इसमे वे सपरिवार रहते है। उनकी तबियत खराब होने के कारण वे तीन जून को परिवार के साथ अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर गए थे। शनिवार को तड़के वे वापस लौटे। उन्होंने देखा कि क्वार्टर के मेनगेट व दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। अंदर अलमारी व दीवान का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चोरो ने पूरा समान बिखेरने के साथ ही क्वार्टर में अंदर रखी स्कूटी व एचपी कंपनी का लैपटॉप पार कर दिया था। इसकी लागत डेढ़ लाख रुपये बताई गई। कालरी कर्मी के पुत्र आयुष यादव की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# अपात्र हितग्राहियों की छटनी के लिए शुरू हो रही प्रक्रिया

**महतारी वंदन योजना को लेकर शिकायतें**

**अपात्र होने पर भी कई ने किया आवेदन**




**कोरबा।** विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा की गई घोषणा अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मार्च से दिया जा रहा है। खबर के अनुसार कोरबा सहित प्रदेश भर में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं भी योजना का लाभ प्राप्त कर रही है, जो पात्र हैं ही नहीं। शुरूआती स्तर पर इस बारे में चीजें सामने आयी हैं। कोरबा जिले में भी अब अपात्रों की छटनी की प्रक्रिया की जा रही है। प्रावधान के अंतर्गत ऐसे मामलों में भुगतान की गई राशि की वसूली भी करना है।

महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन सरकार ने महिला बाल विकास विभाग के समन्वय और प्रत्यक्ष निगरानी में कराया। इस कामकाज को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से रफ्तार दी गई। कोरबा जिले के शहरी क्षेत्र में 70 हजार महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुई है, जबकि इससे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में हैं। खबर के मुताबिक प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह इस मामले में यहां भी व्यापक स्तर पर गड़बड़ी हुई है और सरकार की हितग्राही केन्द्रीत योजना का अनुचित लाभ लेने को लेकर कई आवेदकों ने दिलचस्पी ली। इनमें ऐसे आवेदक भी शामिल है जो महतारी वंदन योजनाओं के लिए बनायी गई कंडिकाओं और शर्तों के दायरे में नहीं आती। पूरी जानकारी होने के बावजूद उन्होंने न केवल आवेदन किया बल्कि शुरूआती स्तर पर हड़बड़ाहट में प्रभावी ढंग से छानबीन नहीं होने पर आवेदन आगे बढ़ा दिए गए। ऐसे में देखा नहीं गया कि आवेदक योजना की पात्रता रखते भी है या नहीं। और तो और कई मामलों में आवेदकों ने दो जगहों से आवेदन किये और हैरानी की बात यह रही कि डिजिटलाईजेशन की प्रक्रिया के बावजूद ऐसे आवेदन भी पता नहीं किस तरह मंजूर हो गए। और तो और ऐसे सभी मामलों में योजना की राशि अंतरित करना भी शुरू कर दिया। कुछ दिनों से इस प्रकार की खबरें आसपास से पहुंच रहीं थी, जिसके बाद सरकारी तंत्र हरकत में आया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ऐसे मामलों में जांच पड़ताल की गई तो चौकानें वाली चीजें सामने आयी। इसलिए अब कोरबा जिले में भी अपात्र आवेदकों के प्रकरणों की जांच के साथ उन्हें बोगस पाये जाने पर छांटने का काम किया जा रहा है। पहले ही सरकार कह चुकी है कि ऐसे प्रकरणों में योजना के अंतर्गत दी गई राशि को भी रिकव्हर किया जाएगा। यहां बताना उचित होगा कि अलग-अलग कारणों से पहले ही कई लाख आवेदनों को रद्द करने की कार्रवाई भी की जा चुकी है।

## केएमसी में दुपहिया से कर रहे थे चोरी, नजर पड़ने पर भागे



**अराजक तत्वों के द्वारा लगातार की जा रही घटनाएं**

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में चोरों की सक्रियता एक बार फिर से बढ़ गई है। चोर रात के अंधेरे में अस्पताल परिसर में खड़े वाहनों को अपना निशाना बना रहे है। बीती रात कुछ चोर एक स्कूटी वाहन से पार्ट्स की चोरी कर रहे थे। वाहन मालिक की नजर उन पर पड़ी तब वे भाग खड़े हुए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

कोरबा जिले में चोरों के हौंसले काफी बुलंद हो चले है। चोर मेडिकल कॉलेज में धावा बोलने से भी नहीं चूक रहे है। अज्ञात चोरों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में खड़े एक स्कूटी को निशाना बनाया। रात के अंधेरे में चोर स्कूटी को खोलकर उसके पार्ट्स की चोरी कर रहे थे। इतने में वाहन मालिक मौके पर पहुंच गया जिसे देखकर चोर भाग खड़े हुए। सुबह सुबह सभी जिला अस्पताल पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया और उनकी पतासाजी कर रही है। पुलिस ने दावा किया है,कि चोर जल्द उनकी पकड़ में होंगे।

* **कोरबा।** मानसून की पहुंच छग में और विलंबित होने के संकेत मिले है।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर आज नगर में कार्यक्रम

**कोरबा।** मुगलों के विरुद्ध हुई लड़ाई में तीन बार अकबर को बुरी तरह से पराजित करने वाले महाराणा प्रताप की जयंती आज धूमधाम से मनाई जाएगी। राजपूत क्षत्रिय समाज ने इसके लिए तैयारी की है। राजस्थान के कुंभलगढ़ में उदय प्रताप सिंह और जयवंत पवार के घर 13वीं शताब्दी में महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। उन्होंने 1577 में प्रथम युद्ध जीता और इसके बाद लगातार दो और युद्ध में सफलता प्राप्त की। उन्होंने भारतीय स्वाभिमान को जगाने का भी काम किया। कोरबा में उनकी जयंती पर आज शाम शोभायात्रा निकाली जा रही है।

## सीएमडी से मिलेगा सावनी का परिवार

**कोरबा।** मुड़ापार निवासी सावनी बाई का पति ननकी एसईसीएल के बलगी में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। ननकी के निधन के बाद अभी तक उनके परिजनों को नौकरी नहीं मिल पाई है। निधन के दौरान पुत्र नाबालिक थे। इसलिए ढाई हजार रूपये उनकी पत्नी सावनी बाई को दिया जा रहा था। चूंकि अब उसका पुत्र बालिक हो गया है। उन्होंने नौकरी के लिए आवेदन भी लगाया था। लेकिन फाईल गायब होने की वजह से अभी तक उसकी नौकरी नहीं लग पाई है। नौकरी नहीं लगने के कारण पूरा परिजन सड़क पर आ गया है। ढाई हजार रूपये में परिवार का गुजारा नहीं हो पा रहा है। सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकंदर उसर वर्षा ने एसईसीएल मुख्यालय को पत्र लिखकर फाईल गायब होने की बात करते हुए तत्काल सावनी बाई के पुत्र को नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि 2011 में सफाई कर्मी ननकी मौत हुई थी। अभी तक नौकरी नहीं मिलने से परिजन काफी परेशान है।

## बरेठ समाज की बैठक कल

**कोरबा।** पोड़ीबहार स्थित भवन में बरेठ समाज की बैठक कल सायं 5 बजे आयोजित की गई है। जिलाध्यक्ष मिलापराम कर्ष ने बताया कि इस बैठक में इकाई के मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष, प्रदीप सोनसरवा, सदानंद बरेठ, दीगम्बर कर्ष, संतोष कर्ष, गिरधारी बरेठ, प्रवीण रजक उपस्थित रहेंगे।

## नेपाल की धरती पर केतन सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य में जीता अवार्ड



**कोरबा।** लर्निंग रीयलम इंटरनेशनल फाउंडेशन एजुकेशन ट्रस्ट व क्लासिक क्लचर सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित क्लासिक इंटरनेशनल क्लासिकल डांस फेस्टिवल एंड अवार्ड सेरेमनी 2024 काठमांडू नेपाल में संपन्न हुआ।

भाजपा किसान मोर्चा कोरबा के जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा चुलेश्वर राठौर व श्रीमती माधुरी सिंह राठौर समाज सेविका व भाजपा नेत्री के सुपुत्र केतन सिंह राठौर को कथक नृत्य में उनके मनमोहक शानदार प्रदर्शन के लिए क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय युवा नर्तक सम्मान से नारायण काजी श्रेष्ठ उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री नेपाल सरकार, महान श्याल्पा रिनपोछे जी बौद्ध धर्म गुरु (तिब्बतन लामा), डॉ प्रो. नीता गहरवार कुलसचिव इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ भारत के द्वारा सम्मानित किया। केतन सिंह राठौर कोरबा जिले हरदी बाजार छिंदपुर के निवासी है तथा वर्तमान में बैचलर आफ परफॉर्मिंग आर्ट्स तृतीय वर्ष इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्यनरत है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से बैचलर आफ टेक्नोलॉजी करने के पश्चात कथक नृत्य के क्षेत्र में अपना कदम रखा और निरंतर गांव व जिले का नाम रोशन कर रहा है। व छत्तीसगढ़ व अन्य प्रांत के साथ-साथ विदेश में भी विभिन्न आयोजनों में अपना नित्य प्रदर्शन किया है। फरवरी माह में आयोजित खजुराहो महोत्सव में कथक वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रतिभागी बनने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ था। नेपाल के धरती पर इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में विशेष रूप से शिवराज पंत फाउंडर एंड चेयरमैनएल.आर.आई. एजुकेशन ट्रस्ट काठमांडू नेपाल, स्वजन रघुवंशी फाउंडर क्लासिक कल्चर सेंटर काठमांडू नेपाल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिवाली सिंह बैस, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शेख मेदिनी होम्बल इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ भारत आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कुरूडीह गांव में नशेड़ी ने कुलहाड़ी से हमला कर ग्रामीण को जख्मी किया



**कोरबा।** उरगा थाना अंतर्गत कुरुडीह गांव में शराब के नशे में धुत्त एक अधेड़ ने टांगी से एक युवक पर हमला कर दिया। वारदात में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है,जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

घर के सामने गाली गलौज करने से मना करना एक युवक को महंगा पड़ गया। नशे में धुत अधेड़ ने युवक पर टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वह दोस्तों को आते देख मौके से भाग निकला। घटना में घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया है। उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कुरूडीह में पुरूषोत्तम कंवर निवास करता है। उसका 25 वर्षीय पुत्र मनीष कंवर घर के सामने दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी दौरान गांव में ही रहने वाला बाबूलाल मौके पर पहुंचा। वह सड़क पर खडे होकर गाली गलौज करने लगा। अपने घर के सामने गाली गलौज करते देख मनीष ने मना गर दिया। यह बात अधेड़ को नागवार गुजरी और अपने पास रखे टंगिया से मनीष पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसे खून से लथपथ देख दोस्त बीच-बचाव करने पहुंचे तब तक बाबूलाल मौके से फरार हो गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल मनीष को इलाज के लिए जिल अस्पताल दाखिल कराया गया है। इस मामले में जानकारी मिली है,कि बाबूलाल इससे पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है। मामले में पुलिस ने बाबूलाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## कुसमुण्डा में कोबरा का रेस्क्यू



**कोरबा।** कोरबा में सांप निकलने की घटनाएं एक बार फिर से बढ़ गई है,जिसके कारण लोग काफी डरे हुए है। कुसमुंडा स्थित एक परिवार उस वक्त दहशत से भर गया,जब उनके घर पर एक जहरीला कोबरा सांप प्रवेश कर दिया। सांप को देखते ही पूरा परिवार डर गया और कोने में दुबककर बैठ गया। सांप के रेस्क्यु के लिए परिवार ने तुरंत सर्पमित्रों को फोन किया। मौके पर पहुंची सर्पमित्रों की टीम ने सांप का रेस्क्यु किया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली है। इस दौरान सर्पमित्रों ने कहा,कि अगर कहीं भी सांप निकले तो उसे मारने के बजाए हमें फोन करें ताकी उनका रेस्क्यु किया जा सके।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कोरबा।** बालको थाना अंतर्गत सोनपुरी मुख्य मार्ग पर एक युवक का शव संदीग्ध परिस्थितियों में पाया गया है। अज्ञात भारी वाहन की ठोकर से उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। डायल 112 के माध्यम से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है। शिनाख्त होने के बाद ही पंचनामा की कार्रवाई की जाएगी।

### जारी रहेगी कार्रवाई

**कोरबा।** परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मालवाहकों का उपयोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में किया जाना बर्दास्त नहीं होगा। ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जायेगी। कवर्धा क्षेत्र में पिकअप पलटने से मजदूरों की मौत के बाद यहां भी परिवहन विभाग ने अभियान शुरू किया है।

**निधन**

### डा. लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता



**कोरबा।** डा. लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता उम्र 88 वर्ष मेन रोड कोरबा का निधन 9 बजे हो गया है। वे प्रवीण गुप्ता, डा. प्रफुल्ल गुप्ता के पिता थे। एवं प्रतयुश गुप्ता एवं डा. प्रषशय गुप्ता के दादा जी थे। शाम 4 बजे निवास स्थान गुप्ता गली से मोती सागर पारा मुक्ति धाम ले जाया जायेगा। जेसीस प्रदीप गुप्ता के ताऊजी एवं जेसीस हर्ष गुप्ता बड़े दादा जी थे।

## सामाजिक जागरण के लिए आरएसएस निभा रहा भूमिका






**दो उपनगर के 300 से ज्यादा स्वयंसेवक शामिल हुए**

**कोरबा।** भारत के वीर पराक्रमी योद्धा महाराणा प्रताप के जन्म दिवस पर कोरबा के ओपन थिएटर मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पहली बार शाखा संगम का आयोजन किया गया। दो उपनगर से संबंधित सभी शाखाएं यहां एकत्रित हुई। नियमित कार्यक्रम का प्रदर्शन यहां पर किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम करने के बारे में विचार को आगे बढ़ाया गया है।

समाज जीवन से संबंधित विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप के साथ बच्चों और युवाओं में बेहतर संस्कार व अनुशासन के साथ राष्ट्र के प्रति अपने सरकार दिखाने का काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लगातार कर रहा है। समय के साथ कई प्रकार के बदलाव करते हुए इसमें नवाचार को जोड़ने की कोशिश भी की जा रही है। शाखा के सुदृढ़ीकरण और उनमें परिष्कार करने के दृष्टिकोण से सभी जरूरी आयाम पर लगातार और कार्य किए जाने जारी हैं। छत्तीसगढ़ प्रांत की ओर से बनाई गई योजना के अंतर्गत कोरबा जिले में नगर स्तर पर दो उपनगर के लिए पहली बार शाखा संगम का आयोजन कोरबा के ओपन थिएटर मैदान में रविवार की सुबह किया गया। शहीद भगत सिंह और गुरु घासीदास उपनगर से संबंधित 10 शाखा का एकत्रीकरण यहां किया गया जिसमें 300 स्वयंसेवकों की उपस्थिति सुनिश्चित हुई। 10 स्थान पर भगवा ध्वज लगाने के साथ भिन्न-भिन्न शारीरिक कार्यक्रम किए गए जिनमें योग अभ्यास से लेकर कई प्रकार की खेल गतिविधियां शामिल थे। स्वयंसेवकों ने इनमें भागीदारी करने के साथ खूब आनंद प्राप्त किया। शाखा संगम की गतिविधियों को करीब से जानने समझने के लिए सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले अनेक बंधुओं ने भी उत्साह के साथ उपस्थिति तय की। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आरएसएस के जिलासंचालक डॉक्टर विशाल उपाध्याय ने बताया कि आज की उपस्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि आने वाले समय में हमें और बड़े परिसर की आवश्यकता होगी। स्वयंसेवकों का उत्साह बताता है कि वह आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने आशा जताई कि वर्ग करने वाले स्वयंसेवक भविष्य में अपनी बेहतर भूमिका का निर्वहन करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह मृगेश यादव ने बताया कि प्रांत की व्यवस्था के अंतर्गत इस प्रकार का आयोजन कोरबा में किया गया है जिसे शाखा संगम का नाम दिया है। शाखों के माध्यम से समाज को हर दृष्टिकोण से जागरूक करना सबसे प्रमुख उद्देश्य है और इस दिशा में लगातार प्रयत्न किए जा रहे हैं। कोरबा में आयोजित किए गए प्रथम शाखा संगम में 48 बालक सहित 300 स्वयंसेवको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगर संघ चालक अशोक तिवारी, उपनगर संघ चालक अमृतलाल बत्रा, व अन्य दायित्ववान पदाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान गतिविधियों का निरीक्षण किया। संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वय करने में वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने अपना योगदान दिया। आने वाले समय में स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाने और शाखों का विस्तार करने के लिए बृहद कोशिश की जाएगी।






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com